May. 2023..

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनंदगांव के राष्ट्रिय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा जिला राजनांदगांव में "भारत सरकार , युवा कार्यक्रम एवम् खेल मंत्रालय" द्वारा " ओपचारिक शिक्षा या नियमित रोजगार में नही रहने वाले युवाओं " का सर्वेक्षण कार्य 100 % किया गया |











# नियमित रोजगार में नहीं रहने वाले युवाओं का सर्वेक्षण



राजनांदगांव @ पत्रिका. भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार दुर्ग यूनिवर्सिटी से संबद्ध शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम समन्वयक आरपी अग्रवाल, जिला संगठक डॉ. सुरेश पटेल और कार्यक्रम अधिकारी संजय सप्तर्षि के मार्गदर्शन में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में औपचारिक शिक्षा या नियमित रोजगार में नहीं रहने वाले युवाओं का सर्वेक्षण किया। युवाओं के सर्वेक्षण के माध्यम से भारत सरकार देश के युवाओं की शिक्षा का स्तर, विभिन्न प्रकार के कार्यों में उनकी संलिप्तता, वैवाहिक स्थिति, घर में आय का साधन, वेतन के लिए काम की तलाश, किस प्रकार के कार्य में उनकी रुचि है, क्या स्वरोजगार के लिए कोई योजना बनाई जा रही है, क्या बैंक ऋण के लिए प्रयास किया गया है आदि जानकारियों को एकत्र किया। ऐसा करने से युवाओं के लिए कार्य शुरू किए जा सकेंगे, जो उनकी रुचि व उनकी क्षमता के अनुकूल हो।

## राष्ट्रीय सेवा योजना दिग्विजय महाविद्यालय के स्वयंसेवियों द्वारा औपचारिक शिक्षा या नियमित रोजगार में नही रहने वाले युवाओ का किया सर्वेक्षण



विनोद टेम्भुकर (ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ़) भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार दुर्ग यूनिवर्सिटी से संबद्ध शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम समन्वयक आर.पी अग्रवाल, जिला संगठक डॉ. सुरेश पटेल और कार्यक्रम अधिकारी संजय सप्तर्षि के मार्गदर्शन में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में औपचारिक शिक्षा या नियमित रोजगार में नहीं रहने वाले युवाओं का सर्वेक्षण किया। युवाओं के सर्वेक्षण के माध्यम से भारत सरकार देश के युवाओं की शिक्षा का स्तर, विभिन्न प्रकार के कार्यों में उनकी संलिप्तता, वैवाहिक स्थिति, घर में आय का साधन, वेतन के लिए काम की तलाश, किस प्रकार के कार्य में उनकी रुचि है, क्या स्वरोजगार के लिए कोई योजना बनाई जा रही है, क्या बैंक ऋण के लिए प्रयास किया गया है आदि जानकारियों को एकत्र किया। ऐसा करने से युवाओं के लिए रोजगार मूलक कार्य प्रारंभ किए जा सकेंगे, जो उनकी रुचि व उनकी क्षमता के अनुकूल हो। इससे भारत और अधिक मजबूत और आत्मनिर्भर बन सकेगा। सर्वेक्षण कार्य में स्वयंसेवक विनोद टेम्भुकर, दीपक कोसमा, अभिषेक देवांगन, अमन साहू, कांती पाल, जयश्री साहू, यामिनी साहू, प्रतिज्ञा देवांगन, कविता साहू, भुनेश्वरी यादव, रेणुका साहू, भुनेश्वरी की अहम भूमिका रही।







July 2023

प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों उचित कक्षाओं में प्रवेश लेने एवम् रासेयो में प्रवेश हेतु हेल्प डेस्क का आयोजन ।








शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि जी (रासेयो कार्यक्रम अधिकारी) , राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. करुणा रावटे जी के नेतृत्व में आज दिनांक 24/07/2023 को स्वीप क्लब द्वारा परिचय पत्र निर्माण हेतु महाविद्यालय में शिविर लगाया गया। शिविर में आज कुल 10 फॉर्म फॉर्म 6 में भरवाएं गए। जिसमे स्वीप ब्रांड एम्बेस्टर विनोद कुमार टेम्बुकर एवं टिकेश्वरी देवांगन के साथ स्वीप सदस्य अभिषेक देवांगन डॉली, यामिनी देवांगन, वीनस साहू एवम रासेयो के समस्त स्वयंसेविओं की अहम भूमिका रही।












## शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में स्वीप क्लब का हुआ गठन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि जी (रासेयो कार्यक्रम अधिकारी) , राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. करुणा रावटे जी के नेतृत्व में आज स्वीप क्लब का निर्माण किया गया। जिसमे स्वीप ब्रांड एम्बेस्टर के रूप में विनोद कुमार टेम्बुकर एवं टिकेश्वरी देवांगन का चयन किया गया। साथ ही स्वीप क्लब में लगभग 20 सदस्यो को भी जोड़ा गया। इस क्लब के माध्यम से महाविद्यालय में उन विद्यार्थियों का वोटर कार्ड बनाया जाएगा जिनका अभी भी वोटर आई डी कार्ड नहीं बना है। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित तिथियों पर जिन विद्यार्थियों की आयु 18 वर्ष होगी उनका भी मतदाता परिचय पत्र बनाने हेतु आवेदन पत्र भरवाया जाएगा।



## दिग्विजय महाविद्यालय में स्वीप क्लब का हुआ गठन

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि (रासेयो कार्यक्रम अधिकारी), राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. करुणा रावटे के नेतृत्व में आज स्वीप क्लब का निर्माण किया गया। जिसमे स्वीप ब्रांड एम्बेस्टर के रूप में विनोद कुमार टेम्बुकर एवं टिकेश्वरी देवांगन का चयन किया गया। साथ ही स्वीप क्लब में लगभग 20 सदस्यों को भी जोड़ा गया। इस क्लब के माध्यम से महाविद्यालय में उन विद्यार्थियों का वोटर कार्ड बनाया जाएगा जिनका अभी भी वोटर आई डी कार्ड नहीं बना है। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित तिथियों पर जिन विद्यार्थियों की आयु 18 वर्ष होगी उनका भी मतदाता परिचय पत्र बनाने हेतु आवेदन पत्र भरवाया जाएगा।

दिनांक 28 जुलाई 2023 को मेरी माटी मेरा देश के अन्तर्गत दिग्विजय स्वाशासी स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगाव की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा कन्या छात्रावास में पोषण वाटिका, औषधि वाटिका बनाने का शुरुआत किया गया ।









Augast 2023..

मेरी माटी मेरा देश के अन्तर्गत दिग्विजय स्वाशासी स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगाव की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा अपने अपने क्षेत्रो अपने घरो में पौधारोपण किया गया और उसे सरंक्षित रखने का भी संकल्प लिया गया |








मेरी माटी मेरा देश के अन्तर्गत दिग्विजय स्वाशासी स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगाव की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा कन्या छात्रावास में पोषण वाटिका, औषधि वाटिका बनाकर श्रमदान किया गया ।




## दिग्विजय महाविद्यालय कन्या छात्रावास में एनएसएस ने किया श्रमदान



**राजनांदगांव,** 9 अगस्त (हाईवे चैनल)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के के सभी स्वयंसेवियों द्वारा मेरा माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत दिग्विजय छात्रावास में निर्मित होने वाले औषधीय बगीचा के लिए साफ सफाई का कार्य किया गया जिसमे सभी स्वयंसेवियों ने नि: स्वार्थ भाव से कार्य को सम्पन्न किया गया । साथ ही साथ स्वयंसेवियों द्वारा अपने-अपने स्थानीय स्तरों में 13प्रजातियों (जैसे- आम, अमरूद, पीपल, नींबू, सीताफल, महानीम, मुनगा, जामून, मिठानीम , गुड़हल , अशोक, ओलियंडर और मिनी चांदनी) के 45 पौधे लगाए गए हैं। पर्यावरण को बेहतर बनाने में वृक्ष और पौधे मदद करते हैं। ये हवा को शुद्ध करते हैं, पानी को संरक्षित करते हैं, जलवायु नियंत्रण में मदद करते हैं, मिट्टी की शक्ति को बरकरार रखते हैं और कई अन्य तरीकों से समग्र पर्यावरण को लाभ पहुंचाते हैं।

## दिग्विजय महाविद्यालय कन्या छात्रावास में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किया गया श्रमदान

राजधानी रिपोर्टर

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के के सभी स्वयंसेवीयों द्वारा मेरा माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत दिग्विजय छात्रावास में निर्मित होने वाले औषधीय बगीचा के लिए साफ सफाई का कार्य किया गया जिसमे सभी स्वयंसेवियों ने नि: स्वार्थ भाव से कार्य को सम्पन्न किया गया । साथ ही साथ स्वयंसेवियों द्वारा अपने-अपने स्थानीय स्तरों में 13प्रजातियों (जैसे- आम, अमरूद, पीपल, नीबू, सीताफल, महानीम,मुनगा,जामून, मिठानीम , गुड़हल , अशोक, ओलियंडर और मिनी चांदनी) के 45 पौधे लगाए गए हैं।



पर्यावरण को बेहतर बनाने में वृक्ष और पौधे मदद करते हैं। ये हवा को शुद्ध करते हैं, पानी को संरक्षित करते हैं, जलवायु नियंत्रण में मदद करते हैं, मिट्टी की शक्ति को बरकरार रखते हैं और कई अन्य तरीकों से समग्र पर्यावरण को लाभ पहुंचाते हैं।

आओ मिलकर कुछ काम करें पेड़ लगाकर कुछ लम्हे प्रकृति के नाम करें।

पेड़ लगाना मजबूरी नहीं जरूरी है।

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव (छ.ग) के डॉ. के एल टांडेकर के मार्गदर्शन में और राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर करुणा रावटे और संजय सप्तर्षि के नेतृत्व एवं उपस्थिति में मेरा माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत दिनांक 10/8/2023 को ग्राम–जंगलपुर जिला राजनांदगांव के शहीद शौर्य चक्र विभूषित श्री पूर्णानंद साहू (कोबरा कमांडो सीआरपीएफ) (शहीद पूर्णानंद साहू 10 फरवरी 2020 को बीजापुर में नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए थे। )के स्मृति एवं सम्मान में उनके प्रतिमा के सामने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवीयों ने साफ – सफाई कर द्वीप प्रज्वलित कर पौधारोपण किये।ताकि आने वाली पीढ़ी भी शहीदों के बारे में सभी जानकारी प्राप्त कर सकें।

मेरी माटी, मेरा देश' अभियान की घोषणा पीएम नरेंद्र मोदी जी ने 30 जुलाई को 'मन की बात' के एपिसोड में की थी.इस अभियान का उद्देश्य उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया ।

'मेरा माटी मेरा देश' अभियान 9 अगस्त से पूरे देश में मनाया जा रहा है।

सम्पूर्ण कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. करुणा रावटे एवं वीर शहीद पूर्णानंद साहू जी के माता पिता एवं भाई के साथ साथ 20 स्वयंसेवी उपस्थित रहे।





# राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने साफ-सफाई कर पौधारोपण किये

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के एल. टांडेकर के मार्गदर्शन में और राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर करुणा रावटे और संजय सप्तर्षि के नेतृत्व एवं उपस्थिति में मेरा माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत दिनांक 10 अगस्त को ग्राम-जंगलपुर जिला राजनांदगांव के शहीद शौर्य चक्र विभूषित श्री पूर्णानंद साहू (कोबरा कमांडो सीआरपीएफ) (शहीद पूर्णानंद साहू 10 फरवरी 2020 को बीजापुर में नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए थे) के स्मृति एवं सम्मान में उनके प्रतिमा के सामने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवीयों ने साफ-सफाई कर द्वीप प्रज्वलित कर पौधारोपण किये। ताकि आने वाली पीढ़ी भी शहीदों के बारे में सभी जानकारी प्राप्त कर सकें।

मेरी माटी, मेरा देश अभियान की घोषणा पीएम नरेंद्र मोदी ने 30 जुलाई को 'मन की बात' के एपिसोड में की थी। इस अभियान का उद्देश्य उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। 'मेरा माटी मेरा देश' अभियान 9 अगस्त से पूरे देश में मनाया जा रहा है। सम्पूर्ण कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. करुणा रावटे एवं वीर शहीद पूर्णानंद साहू के माता-पिता एवं भाई के साथ साथ 20 स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

# शहीद के स्मृति में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा द्वीप प्रज्वलित

**राजधानी रिपोर्टर**



**राजनांदगांव।** दिग्विजय महाविद्यालय के डॉ. के एल टांडेकर के मार्गदर्शन में और राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर करुणा रावटे और संजय सप्तर्षि के नेतृत्व एवं उपस्थिति में मेरा माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत दिनांक 10Ş8Ş2023 को ग्राम–जंगलपुर जिला राजनांदगांव के शहीद शौर्य चक्र विभूषित श्री पूर्णानंद साहू (कोबरा कमांडो सीआरपीएफ) (शहीद पूर्णानंद साहू 10 फरवरी 2020 को बीजापुर में नक्सली मुठभेड़ मे शहीद हुए थे। )के स्मृति एवं सम्मान में उनके प्रतिमा के सामने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवीयों ने साफ – सफाई कर द्वीप प्रज्वलित कर पौधारोपण किये।ताकि आने वाली पीढ़ी भी शहीदों के बारे में सभी जानकारी प्राप्त कर सकें। मेरी माटी, मेरा देशश अभियान की घोषणा पीएम नरेंद्र मोदी जी ने 30 जुलाई को श्मन की बातश के एपिसोड में की थी.इस अभियान का उद्देश्य उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। श्मेरा माटी मेरा देशश अभियान 9 अगस्त से पूरे देश में मनाया जा रहा है। सम्पूर्ण कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. करुणा रावटे एवं वीर शहीद पूर्णानंद साहू जी के माता पिता एवं भाई के साथ साथ 20 स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

# मोर माटी मोर देश : छात्रों ने जंगलपुर में शहादत को प्रणाम किया

## शहीद स्मारक की सफाई, पौधरोपण

राजनांदगांव। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में डॉ. के एल टांडेकर के मार्गदर्शन में और राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रोफ़ेसर करुणा रावटे और संजय सप्तर्षि के नेतृत्व एवं उपस्थिति में मेरा माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत जंगलपुर के शहीद शौर्य चक्र विभूषित पूर्णानंद साहू (कोबरा कमांडो सीआरपीएफ) की स्मृति की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने साफ - सफाई कर द्वीप प्रज्वलित कर पौधारोपण किया।



इस अभियान का उद्देश्य उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया ।

सम्पूर्ण कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. करुणा रावटे एवं वीर शहीद पूर्णानंद साहू के माता-पिता एवं भाई के साथ साथ 20 स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनंदगांव में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान कार्यक्रम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षी एवं करुणा रावटे के नेतृत्व में वसुधा का संवर्धन वीरों का अभिनंदन कार्यक्रम रखा गया । जिसमें मुख्य अतिथि संस्था के प्राचार्य महोदय डॉक्टर के एल टांडेकर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठन डॉ एस .के . पटेल उपस्थित रहे। मेरी माटी मेरा देश के अभियान में वसुधा का समर्थन वीरों का अभिनंदन कार्यक्रम के अंतर्गत वीर शहीद पूर्णानंद साहू जी के पिता श्री लक्ष्मण साहू एवं माता उर्मिला साहू और भाई नीलेश साहू को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ पौधारोपण एवं स्वामी विवेकानंद जी के तैल्यचित्र पर तिलक लगाकर किया गया ।कार्यक्रम के अतिथि डॉ एस. के पटेल द्वारा मेरी माटी मेरा ध्यान के अंतर्गत वीरों को किया जा रहा वंदन एवं इसकी संपूर्ण जानकारी दिया गया और साथ–साथ युवाओं को देश के अच्छे कार्य के लिए प्रेरित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के प्राचार्य महोदय द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित वीर शहीद के पालको को धन्यवाद दिए कि उन्होंने ऐसे वीर सपूत को जन्म दिया। उनके स्मृति में कुछ बाते उन्होंने कही। और सभी स्वयंसेवियों को समाज के हित में अच्छे कार्य हेतु प्रेरित किये। कार्यक्रम में आये शहीद वीर पूर्णानंद साहू जी के पालको को श्री फल एवं सौल से सम्मानित किया गया। मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत पंच प्रण सपथ संस्था के प्राचार्य द्वारा कराया गया । कार्यक्रम की समाप्ति राष्ट्रगान से किया गया।

कार्यक्रम में 100 स्वयंसेवी उपस्थित रहें ।





रायपुर • सोमवार • 14.08.2023
navabharat.news

## वीरों का अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित

राजनांदगांव. शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनंदगांव में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान कार्यक्रम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षी एवं करुणा रावटे के नेतृत्व में वसुधा का संवर्धन वीरों का अभिनंदन कार्यक्रम रखा गया. जिसमें मुख्य अतिथि संस्था के प्राचार्य डॉक्टर के एल टांडेकर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठन डॉ एसके पटेल उपस्थित रहे. मेरी माटी मेरा देश के अभियान में वसुधा का समर्थन वीरों का अभिनंदन कार्यक्रम के अंतर्गत वीर शहीद पूर्णानंद साहू के पिता लक्ष्मण साहू एवं माता उर्मिला साहू और भाई नीलेश साहू को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया.

न्यूज डायरी



# मेरी माटी मेरा देश, वसुधा का संवर्धन, वीरो का अभिनन्दन कार्यक्रम का हुआ आयोजन




राजधानी रिपोर्टर

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान कार्यक्रम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षी एवं करुणा रावटे के नेतृत्व मे वसुधा का संवर्धन वीरो का अभिनंदन कार्यक्रम रखा गया । जिसमे मुख्य अतिथि संस्था के प्राचार्य महोदय डॉक्टर के एल टांडेकर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठन डॉ एस .के . पटेल उपस्थित रहे। मेरी माटी मेरा देश के अभियान मे वसुधा का समर्थन वीरो का अभिनंदन कार्यक्रम के अंतर्गत वीर शहीद पूर्णानंद साहू जी के पिता श्री लक्ष्मण साहू एवं माता उर्मिला साहू और भाई नीलेश साहू को कार्यक्रम मे आमंत्रित किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ पौधारोपण एवं स्वामी विवेकानंद जी के तैल्यचित्र पर तिलक लगाकर किया गया ।कार्यक्रम के अतिथि डॉ एस. के पटेल द्वारा मेरी माटी मेरा ध्यान के अंतर्गत वीरों को किया जा रहा वंदन एवं इसकी संपूर्ण जानकारी दिया गया और साथ–साथ युवाओं को देश के अच्छे कार्य के लिए प्रेरित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के प्राचार्य महोदय द्वारा कार्यक्रम मे उपस्थित वीर शहीद के पालको को धन्यवाद दिए कि उन्होंने ऐसे वीर सपूत को जन्म दिया। उनके स्मृति मे कुछ बाते उन्होंने कही। और सभी स्वयंसेवियों को समाज के हित मे अच्छे कार्य हेतु प्रेरित किये। कार्यक्रम मे आये शहीद वीर पूर्णानंद साहू जी के पालको को श्री फल एवं सॉल से सम्मानित किया गया। मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत पंच प्रण सपथ संस्था के प्राचार्य द्वारा कराया गया । कार्यक्रम की समाप्ति राष्ट्रगान से किया गया। कार्यक्रम मे 100 स्वयंसेवी उपस्थित रहे।



76 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर जिला– राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) के द्वारा दिनांक 14 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन स्टेट स्कूल राजनांदगांव में किया गया।

जिसमें शास.दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर करुणा रावटे सहित 30 स्वयंसेवी इसमें सम्मिलित हुए एवं इस कार्यक्रम को सफल बनाया।



15 अगस्त 2023 76 वे स्वतंत्रता दिवस शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनंदगांव में अपनी सम्पूर्ण सहभागिता द्य छै का मानव श्रृंखला बनाया गया ।







गीत के गायन से हुई.

## शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय



**राजनांदगांव.** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी स्वतत्रंता दिवस का आयोजना किया. महाविद्यालय में स्वतन्त्रता दिवस को संस्था के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर द्वारा ध्वजारोहण किया गया. उसके पश्चात एन सी सी के कैडेड के द्वारा बाघा बोर्डर का उदाहरण प्रस्तुत किया गया. राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति दिया गया एवं सभी स्वयंसेवियों द्वारा एन एस एस लिखकर द्वेष-छल,कपट को,समाज से हटाएंगे. युवा मे शक्ति है,बदलाव को ललकारने के लिए, युवा में भक्ति है,अन्याय को पछाड़ने के लिए. का सन्देश दिया गया. सम्पूर्ण कार्यक्रम में रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. करुणा रावटे, संजय सप्तर्षि एवं महाविद्यालय के समस्त प्रोफेसर और रासेयो के 200 एवं एन सी सी के लगभग 40 स्वयंसेवी उपस्थित रहें .

दैनिक छत्तीसगढ़
राजधानी रिपोर्टर 6

# दिग्विजय महाविद्यालय में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**राजधानी रिपोर्टर**

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी स्वतत्रंता दिवस का आयोजना किया। महाविद्यालय में स्वतन्त्रता दिवस को संस्था के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उसके पश्चात एन सी सी के कैडेड के द्वारा बाघा बोर्डर का उदाहरण प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति दिया गया एवं सभी स्वयंसेवियों द्वारा एन एस एस लिखकर द्वेष–छल,कपट को,समाज से हटाएंगे।

स्वीप जागरूकता अभियान के अंतर्गत  वोट का मानव श्रीन्खला  बनाकर जागरूक करने का सन्देश दिया गया द्य साथ ही साथ मेहंदी चित्रकला जैसे  विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।












मेरा माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय इकाई दिग्विजय महाविद्यालय द्वारा कलश (मटका) सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।
प्रथम पांच उत्कृष्ट सजावट वाले कलश को पुरस्कृत किया गया ।







# दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम, कलश सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन

राजधानी रिपोर्टर




**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षी एवं प्रो. करुणा रावटे के नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत कलश(मटका) सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमे मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक डॉ. एस.के.पटेल जी तथा संस्था के प्राचार्य डॉक्टर के. एल.टाण्डेकर जी उपस्थित रहे । कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत से किया गया। तत्पश्चात जिला संगठक डॉ. एस.के.सर द्वारा सभी स्वयंसेवी को मार्गदर्शन दिया गया। संस्था के प्राचार्य महोदय द्वारा सभी स्वयंसेवियों को अनुग्रहित किया गया कि गांव से शहर की दूरियों को पाटते चले इसी उद्देश्य के साथ रासेयो मेरी माटी मेरा देश के सन्देश को बढ़ावा देते हुए कलश बहुत सुंदर तरह से सजाकर लाएं है सभी को बधाई दिया गया। कलश सज्जा प्रतियोगिता में क्रमश प्रथम स्थान निकिता अंबादे, द्वितीय स्थान शीतल वर्मा तथा मेनुका ठाकुर, तृतीय स्थान दूरपति वर्मा तथा, चतुर्थ स्थान नंदनी वर्मा, पांचवा स्थान तेमेश्वरी साहू को प्राप्त हुआ है।जिन्हे आने वाले कार्यक्रम में सम्मान किया जायेगा।

उपरोक्त कार्यक्रम में सिनियर स्वयंसेवक विनोद टेम्बुकर, मनीष, विनय, यश, लोकेश्वर, युवराज के साथ साथ लगभग 50 स्वयंसेवी उपस्थिति रहें।

# दिग्विजय महाविद्यालय में प्रतियोगिता संपन्न



**राजनांदगांव ( अमर छत्तीसगढ़ )।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षी एवं प्रो.करुणा रावटे के नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत कलश( मटका) सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमे मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक डॉ. एस.के.पटेल तथा संस्था के प्राचार्य डॉक्टर के.एल.टाण्डेकर उपस्थित रहे । कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत से किया गया। तत्पश्चात जिला संगठक डॉ. एस.के. द्वारा सभी स्वयंसेवी को मार्गदर्शन दिया गया। संस्था के प्राचार्य द्वारा सभी स्वयंसेवियों को अनुग्रहित किया गया कि गांव से शहर की दूरियों को पाटते चले इसी उद्देश्य के साथ रासेयो मेरी माटी मेरा देश के सन्देश को बढ़ावा देते हुए कलश बहुत सुंदर तरह से सजाकर लाएं है।






## दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम, कलश सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन

राजनांदगांव,शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षी एवं प्रो.करुणा रावटे के नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत कलश(मटका) सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक डॉ. एस.के.पटेल जी तथा संस्था के प्राचार्य डॉक्टर के.एल.टाण्डेकर जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत [illegible]

गया। तत्पश्चात जिला संगठक डॉ. एस.के.सर द्वारा सभी स्वयंसेवी को मार्गदर्शन दिया गया। संस्था के प्राचार्य महोदय द्वारा सभी स्वयंसेवियों को अनुग्रहित किया गया कि गांव से शहर [illegible]

साथ रासेयो मेरी माटी मेरा देश के सन्देश को बढ़ावा देते हुए कलश बहुत सुंदर तरह से सजाकर लाए है सभी को बधाई दिया गया। कलश सज्जा प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम स्थान निकिता अंबादे, द्वितीय स्थान शीतल वर्मा तथा मेनुका ठाकुर, तृतीय स्थान दूरपति वर्मा तथा, चतुर्थ स्थान नंदनी वर्मा, पांचवा स्थान तेजेश्वरी साहू को प्राप्त हुआ है जिन्हे आने वाले कार्यक्रम में सम्मान किया जायेगा उपरोक्त कार्यक्रम मे विभिन्न स्वयंसेवक विनोद टेम्भुरकर, [illegible] [illegible]

10 Augast.

अंतराष्ट्रीय युवा दिवस के  अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि एवं  प्रो. करुणा रावटे के नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण में युवाओ की भूमिका पर भाषण प्रतियोगिता किया गया था।

जिसमें क्रमश प्रथम स्थान –  घासीदास बांधे द्वितीय स्थान – रेशमा साहू एवं तृतीय स्थान – दीपा साहू को प्राप्त हुआ।









**अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर भाषण स्पर्धा का आयोजन**


राजनांदगांव. शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. के एल टांडेकर के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर संजय सप्तर्षी एवं प्रोफेसर करुणा रावटे के नेतृत्व में 10 अगस्त को महाविद्यालय में "राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें 40 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. युवा राष्ट्र का संरचनात्मक और कार्यात्मक ढांचा है. हर राष्ट्र की सफलता का आधार उसकी युवा पीढ़ी और उनकी उपलब्धियाँ होती हैं. राष्ट्र का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है. इसलिए युवा राष्ट्र निर्माण में सर्वोच्च भूमिका निभाते हैं. राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर संजय सप्तर्षी ने कहा कि भारत की 65 प्रतिशत आबादी की आयु 35 वर्ष से कम है. युवा ही देश के भविष्य हैं और देश के वास्तविक संपत्ति है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले वर्ष जब देश अपना 75 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा था तब उन्होंने कहा था कि भारत को 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है. इसमें युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है. उन्होंने कहा कि हम सबको देश के प्रति हमारे कर्तव्य समझना है और पूरा करना है.

देश की सीमा पर खड़े हमारे रक्षक फौजी भाइयों के लिए शास. दिग्विजय महाविद्यालय के छै तथा छब्ब की बहनों द्वारा हस्तनिर्मित राक्षसूत्र (राखी) को संकलित कर फौजी भाइयों को सप्रेम भेंट किया ।

और साथ ही साथ पेडो एवम पौधों में भी रक्षासूत्र के रूप में राखी बांधी गयी ।








# ऑपरेशन रक्षा सूत्र कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्राओं ने भेजे हस्तनिर्मित राखी



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में संस्था के प्राचार्य डॉ. के. एल टांडेकर के आदेशानुसार एवं मार्गदर्शन में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि, प्रो करुणा रावटे एवं राष्ट्रीय कैडेड कोर के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. एच बी ठाकुर के नेतृत्व में ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र कार्यक्रम के अंतर्गत सेना के सभी कमानों में (उत्तर-दक्षिण, पूर्व-पश्चिम) सीमाओं में देश की रक्षा के लिए खड़े हमारे रक्षक फ ौजी भाइयों के लिए के लिए रासेयो तथा एनसीसी की छात्राओं द्वारा हस्तनिर्मित रक्षासूत्र (राखी) को संकलित कर फ ौजी भाईयों को सप्रेम भेंट किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं की इस सुंदर और समर्पित प्रेम के लिए फ ौजी भाइयों द्वारा सम्पूर्ण महाविद्यालय को धन्यवाद दिया गया।

# ऑपरेशन रक्षा सूत्र कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्राओं ने भेजे हस्तनिर्मित राखी



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में संस्था के प्राचार्य डॉ. के. एल टांडेकर के आदेशानुसार एवं मार्गदर्शन में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि, प्रो करुणा रावटे एवं राष्ट्रीय कैडेड कोर के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. एच बी ठाकुर के नेतृत्व में ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र कार्यक्रम के अंतर्गत सेना के सभी कमानों में (उत्तर-दक्षिण, पूर्व-पश्चिम) सीमाओं में देश की रक्षा के लिए खड़े हमारे रक्षक फौजी भाइयों के लिए के लिए रासेयो तथा एनसीसी की छात्राओं द्वारा हस्तनिर्मित रक्षासूत्र (राखी) को संकलित कर फौजी भाईयों को सप्रेम भेंट किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं की इस सुंदर और समर्पित प्रेम के लिए फौजी भाइयों द्वारा सम्पूर्ण महाविद्यालय को धन्यवाद दिया गया।






जिला निर्वाचन कार्यालय राजनंदगांव के नेतृत्व में आज दिनांक 24/8/2023 को राजनांदगांव में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई एवं हॉकी स्टेडियम में निष्पक्ष मतदान हेतु शपथ ग्रहण समारोह का आयोजित किया गया था रैली का मुख्य उद्देश्य था सबको मतदान करने के लिए जाने के लिए जागरूक करना।
जिसमें शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनंदगांव(छ.ग) के प्राचार्य डॉ. के एल टांडेकर के मार्गदर्शन में आज रैटम्न्च कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं ने इस मतदाता जागरूकता रैली(कॉलेज से हॉकी स्टेडियम तक)में भाग लिया।
इस रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वीप नोडल अधिकारी प्रोफेसर संजय सप्तर्षी और प्रोफेसर करुणा रावटे के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना 200 स्वयंसेवी सहित महाविद्यालय के 1000 छात्र–छात्राएं इस रैली में शामिल हुए एवं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किये।
हमारा भारत देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इस लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत आम जनता है जिसे हम मतदाता भी कहते हैं। ये मतदाता ही है जो लोकतंत्र का भविष्य तय करता है इसलिए देश का हर एक नागरिक जब मत देने के लिए जाता है तो उसे एक जागरूक मतदाता की तरह अपना वोट देना चाहिए।
इस वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य में विधानसभा चुनाव है और अगले वर्ष पूरे देश में लोकसभा का चुनाव है। इसलिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की बहुत ज्यादा जरूरत है।
आज के इस मतदाता जागरूकता रैली में हमारे महाविद्यालय के बहुत सारे छात्र–छात्राओं ने भाग लिया और बहुत सारे स्टूडेंट इस साल पहले बार वोट डालने जाएंगे इस मतदाता जागरूकता रैली से इन सब में मतदान के प्रति उत्साह बढ़ा है।






विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर

दिनांक– 21/8/2023 को शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव (छ.ग) के प्राचार्य डॉ.के.एल. तांडेकर के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर का करुणा रावटे और प्रोफेसर संजय सप्तर्षी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने श्री भगवान महावीर समता वृद्ध आश्रम राजनांदगांव (छ.ग) में जाकर पौधारोपण किया एवं सभी में फलों का वितरण किया गया।
साथ ही साथ उनके स्वास्थ्य एवं अन्य समस्याओं के बारे में जानने का प्रयास किया।
यह हमारे लिए बहुत ही आनंद एवं खुशी का पल था क्योंकि सभी वृद्धजनों ने हम सभी स्वयंसेवियों को प्यार से आशीर्वाद दिया।

भारत में लगभग 60 वर्षीय वृद्ध जन वरिष्ठ नागरिक माने जाते हैं।
रासेयो स्वयंसेवियों ने यह संदेश देने का प्रयास किया कि सभी व्यक्तियों को यह मानसिक रूप से स्वीकार कर लेना चाहिए कि वृद्धावस्था एक–न–एक दिन सबके जीवन में आती है।वृद्धों के साथ सम्मानजनक व्यवहार न करना पूर्णतः अनैतिक है। इसीलिए हमें उनका महत्व समझते हुए उनका सम्मान करना चाहिए और उनकी सेवा करनी चाहिए।उनकी उपस्थिति तथा मार्गदर्शन परिवार और समाज दोनों के लिए कल्याणकारी है।यदि आज हम उनका सम्मान करेंगे, तभी हम अपनी आने बाली पीढ़ी से सम्मान पाने के अधिकारी होंगे ।
आइए इस ॅवतसकऋैमदपवतऋब्पजप्रमदऋक्ंल के अवसर आइए हम सब अपने बड़े बुजुर्गों का सम्मान एवं उनकी सेवा सदैव करने का संकल्प लें
इस कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक दीपक कुमार,विनोद तेंबुकर,मनीष टांडेकर सहित स्वयंसेवक अभिषेक देवांगन,टेमेंद्र गंजीर और स्वयंसेविका निकिता अंबादे,भूमिका भारती,यामिनी देवांगन और शालिनी देवांगन ने अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

# वृद्धाश्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना दिग्विजय महाविद्यालय के स्वयंसेवियों ने किया श्रमदान

राजनांदगांव(दावा)। विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव (छ.ग) के प्राचार्य डॉ.के.एल. टाण्डेकर के नेतृत्व एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. करुणा रावटे और प्रो. संजय सप्तर्षी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने श्री भगवान महावीर समता वृद्ध आश्रम राजनांदगांव (छ.ग) में जाकर पौधारोपण किया एवं सभी में फलों का वितरण किया गया। साथ ही साथ उनके स्वास्थ्य एवं अन्य समस्याओं के बारे में जानने का प्रयास किया।




यह हमारे लिए बहुत ही आनंद एवं खुशी का पल था क्योंकि सभी वृद्धजनों ने हम सभी स्वयंसेवियों को प्यार से आशीर्वाद दिया। भारत में लगभग 60 वर्षीय वृद्ध जन वरिष्ठ नागरिक माने जाते हैं। रासेयो स्वयंसेवियों ने यह संदेश देने का प्रयास किया कि सभी व्यक्तियों को यह मानसिक रूप से स्वीकार कर लेना चाहिए कि वृद्धावस्था एक-न-एक दिन सबके जीवन में आती है। वृद्धों के साथ सम्मानजनक व्यवहार न करना पूर्णतः अनैतिक है। इसीलिए हमें उनका महत्व समझते हुए उनका सम्मान करना चाहिए और उनकी सेवा करनी चाहिए। उनकी उपस्थिति तथा मार्गदर्शन परिवार और समाज दोनों के लिए कल्याणकारी है।यदि आज हम उनका सम्मान करेंगे, तभी हम अपनी आने वाली पीढ़ी से सम्मान पाने के अधिकारी होंगे।

इस कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक दीपक कुमार, विनोद टेम्बुकर, मनीष टांडेकर सहित स्वयंसेवक अभिषेक देवांगन,टेमेंद्र गंजीर और स्वयंसेविका निकिता अंबादे, भूमिका भारती, यामिनी देवांगन और शालिनी देवांगन एवं अन्य स्वयंसेवियों ने अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया।


राष्ट्रीय सेवा योजना


राष्ट्रीय सेवा योजना






राष्ट्रीय सेवा योजना


राष्ट्रीय सेवा योजना

September 2023

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका लिलेश्वरी, डागेश्वरी, चुनेश्वरी, देविका और दिव्या के साथ रासेयो के अन्य ने कुपोषण को खत्म करने और पोषण को मजबूत बनाने में रासेयो की भूमिका में जागरूकता कार्य किया। इसके अंतर्गत इन्होंने राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अवसर पर अपने अपने क्षेत्रो के आंगनवाड़ी प्राथमिक स्कूल में जाकर बच्चों को सरल भाषा में पोषण का महत्व और पौष्टिक आहार के बारे में बताया। साथ ही साथ अच्छी–अच्छी आदतें जैसे खाना खाने से पहले हम सबको अच्छे से हाथ धोना चाहिए मोबाइल से दूर रहना चाहिए, पेड़ों को पानी देना चाहिए, और गुड टच एवं बेड टच के बारे में बताया। बच्चे देश के भविष्य हैं उनका स्वस्थ रहना बहुत ही जरूरी है हम इनको बचपन से ही अच्छी– अच्छी आदतें सीखा सकते हैं ताकि देश की आने वाली पीढ़ी समझदार और जिम्मेदार बन सके।

















अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह ( 1 सितम्बर से 7 सितम्बर) के अवसर पर दिनांक 04/09/2023 को शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ.के. एल. टांडेकर के मार्गदर्शन में ,राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो.संजय सप्तर्षि व प्रो. करुणा रावटे के नेतृत्व में राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत आज उल्लास उत्सव नवभारत साक्षरता विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तत्पश्चात महिला संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. मीना प्रसाद मैम थी। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि ने अपने व्याख्यान में सभी विद्यार्थियों को साक्षरता एवं साक्षरता से संबंधित विषयों पर गहराई से अनुग्रहित किया।

उपरोक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के 80 स्वयंसेवी उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह का किया आयोजन



राजनांदगांव। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ.के. एल. टांडेकर के मार्गदर्शन में ,राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो.संजय सप्तर्षि व प्रो करुणा राउटे के नेतृत्व में राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत आज उल्लास उत्सव नवभारत साक्षरता विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता किया गया। तत्पश्चात महिला संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. मीना प्रसाद मैम थी। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि ने अपने व्याख्यान में सभी विद्यार्थियों को साक्षरता एवं साक्षरता से संबंधित विषयों पर गहराई से अनुग्रहित किया। उपरोक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के 80 स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

दिनांक 6/9/2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के दल क्रमांक 01 स्वामी विवेकानंद के स्वयंसेवियों द्वारा राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अवसर पर पोषण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए कॉलेज परिसर में नुक्कड़ नाटक किया गया एवं कुपोषण मुक्त भारत शपथ ग्रहण किया गया।

इस नुक्कड़ नाटक का मुख्य उद्देश्य था कि हमें समाज में कुपोषित व्यक्तियों को गलत नजरिया से नहीं देखना है।

बल्कि हमें उनके साथ मिलकर कुपोषण को दूर करने का प्रयास करना है उनका मार्गदर्शन करना है।

आइए...इस राष्ट्रीय पोषण सप्ताह  पर स्वस्थ जीवन के लिए स्वस्थ पोषण से होने वाले लाभों के बारे में लोगों को प्रोत्साहित करें।

आहार जरूरी है, पोषण की हर छोटी खुराक सही दिशा में एक कदम है। पौष्टिक भोजन करने की आदत बनाएं और अपने शरीर को संतुलित करें । इस कार्यक्रम हेतु 30 से अधिक स्वयंसेवी उपस्थित थे।








शिक्षक दिवस (5 सितंबर) तथा साक्षरता दिवस (8 सितंबर) के रूप में आज दिनांक 09/09/2023 को शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो.संजय सप्तर्षि व प्रो. करुणा रावटे के नेतृत्व में न्यू हाल में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत लक्ष्यगीत , राजकीय गीत तथा सरस्वती वंदना के गायन के साथ प्रारंभ हुआ । एनएसएस के स्वयंसेवियों द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्प और श्री फल से स्वागत किया गया जिसके पश्चात प्रो.संजय सप्तर्षि व प्रो. करुणा रावटे के द्वारा सभी स्वयंसेवियों को शिक्षक दिवस तथा साक्षरता के महत्व को बताया गया तथा मार्गदर्शन दिया गया ।

उपरोक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के 100 स्वयंसेवी उपस्थित रहे।













राष्ट्रीय सेवा योजना की राज्य स्तरीय 03 दिवसीय (08–10 सितम्बर,2023) आवासीय चिंतन एवं प्रशिक्षण शिविर हेतु राजनांदगांव जिले से स्वयंसेवक विनोद कुमार टेम्बुकर का चयन।







# राज्य स्तरीय चिंतन शिविर में स्वयंसेवक विनोद टेम्बुकर द्वारा जिला राजनांदगांव का किया गया प्रतिनिधित्व

राजधानी रिपोर्टर

दुर्ग। राष्ट्रीय सेवा योजना की राज्य स्तरीय 03 दिवसीय (08-10 सितम्बर,2023) आवासीय चिंतन एवं प्रशिक्षण शिविर अग्रसेन महाविद्यालय दुर्ग में आयोजित हुआ। शिविर के उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन निर्देशन, राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य रासेयो अधिकारी डॉ. नीता बाजपाई जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में एवं संगठन व्यवस्था हेमचन्द यादव विश्व विद्यालय दुर्ग रासेयो के दुर्ग विश्वविद्यालय कार्यक्रम समन्वयक के तत्वाधान में कार्यक्रम संचालित हुआ। प्रथम दिवस में पंजीयन में विशेष कार्य हेतु स्वयंसेवक विनोद कुमार टेम्बुकर ने अपनी सक्रीय भूमिका निभाई,साथ ही शिविर के अंतिम दिन में अपने विचार रखकर नवाचार के साथ समस्त विद्यालयों में उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन हो एवं स्वयंसेवियों को मोटिवेशन की कक्षाएं लेने का बात रखा गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग विश्विद्यालय कुलपति महोदया डॉ. अरुणा पल्टा जी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने व्यख्यान में मिलिट्स मोटे अनाज की विशेषताओं को बताएं एवं नशा उन्मूलन पर युवाओ की भूमिका पर जागरूकता अभियान चलाने हेतु सम्बोधित किया गया। चिंतन शिविर में राज्य के समस्त 9 विश्वविद्यालय के रासेयो के चयनित कार्यक्रम समन्वयक, चयनित जिला संगठक और चयनित स्वयंसेवक उपस्थित हुए। शिविर को सुपर 72 के नाम से भी जाना गया। सभी रासेयो जिला संगठक एवम् कार्यक्रम समन्वयक द्वारा सत्र 2022 23 में किये कार्यों को पीपीटी के द्वारा प्रस्तुत किया गया नवाचार के उद्देश्यों अनेक विषयो पर चर्चा किया गया।




सत्र 2023 24 की गतिविधियों में नवाचार एवं नई ऊर्जा के साथ रासेयो के कार्यक्रमो को संचालित किया जाये इसी के साथ कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए समस्त रासेयो कार्यक्रम समन्वयक , जिला संगठक, कार्यक्रम अधिकारी, स्वयंसेवको को प्रमाण पत्र पदान किय गया। राज्य रासेयो अधिकारी डॉ.नीता बाजपाई जी द्वारा इस सत्र नशा उन्मूलन पर युवाओं की भूमिका पर विशेष ध्यान देने हेतु संबोधित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस (8सितम्बर) के अवसर पर दिनांक 09/09/2023 को शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ.के. एल. टांडेकर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.संजय सप्तर्षि व प्रो. करुणा रावटे के नेतृत्व में दल क्रमांक 2 शहीद भगत सिंह द्वारा सप्ताहिक गतिविधि के रूप में साक्षरता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ स्वयंसेवी उपस्थित थे व दल के सभी  स्वयंसेवी उपस्थित थे।























दिनांक 10/09/2023 को एस.एफ.यु. संकल्प समिति एवं श्री शांतक्रांति संघ – राजनांदगांव द्वारा आत्महत्या मुक्त भारत अभियान जन जागृति रैली का आयोजन किया गया था इस रैली के मुख्य अतिथि राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री माननीय डॉ. रमन सिंह जी, सांसद महोदय श्री संतोष पांडे जी एवं राजनांदगांव नगर निगम की महापौर श्रीमती हेमा देशमुख जी उपस्थित थे जिन्होंने रैली का आरंभ किया इस रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा रैली मार्ग में लगे स्टॉल का मैनेजमेंट देखा गया जिसमे प्लास्टिक और बायो डिग्रिडेबल सामान को अलग किया गया क्यों कि प्रकृति में उपस्थित विभिन्न प्रकार के जीव जंतु द्वारा अनजाने में प्लास्टिक का सेवन कर लिया जाता है

हमारे कुछ गलती हो और प्रदूषणकारी गतिविधियों के कारण न जाने कितने निर्दोष जीव जंतुओं की बेवजह जान चली जाती है।

यदि हम अपने पर्यावरण को प्रदूषित करते हैं सहज प्रकृति को नुकसान पहुंचाते हैं। अर्थात हम ग्लोबल सुसाइड की ओर बढ़ रहे हैं।

आज हम जिस उद्देश्य से यहां एकत्रित हुए हैं। यह उसके विपरीत है। तो ऐसे कृत्य करने से बचे जो हमें ग्लोबल सुसाइड की ओर ले चले। स्वच्छता बनाए रखें।

इस कार्यक्रम में रासेयो के पूर्व वरिष्ठ स्वयंसेवी थानसिंह साहू स्वयंसेवक अभिषेक देवांगन, राहुल तिवारी, कोमल साहू के साथ अन्य स्वयंसेवी उपस्थित थें।



दिनांक 9/9/23 को शा.दिग्विजय महावि.राजनांदगांव(छ.ग)के प्राणिशास्त्र विभाग द्वारा रुनिःशुल्कऋदंतऋपरीक्षणऋशिविर का आयोजन महावि.के ऑडिटोरियम में किया गया था।

जिसमे रुरासेयो स्वयंसेवियो द्वारा मेडिकल व्यवस्था और संपूर्ण कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग दिया गया।





13 / Sep. / 2023

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अंतर्गत शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ.के. एल. टांडेकर के मार्गदर्शन में, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. करुणा रावटे के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद ग्राम, ग्राम रेंगाकठेरा जिला राजनांदगाँव में साक्षरता जागरुकता रैली का आयोजन किया गया ।






## राष्ट्रीय सेवा योजना ने गोद ग्राम में निकली साक्षरता जागरूकता रैली

राजधानी रिपोर्टर

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संस्था के प्राचार्य डॉ.के.एल.टांडेकर के मार्गदर्शन एवं रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.करुणा रावते के नेतृत्व में रासेयो द्वारा गोद लिया गया ग्राम रेंगाकठेरा में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत शा.उच्च.मा.वि. रेंगाकठेरा के राष्ट्रीय सेवा योजना के साथ साक्षरता जागरूकता रैली किया गया साथ ही विद्यार्थियों में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।उपरोक्त कार्यक्रम मे रासेयो के लगभग 20 स्वयंसेवी एवं समस्त परिवार, विद्यालय के रासेयो. कार्यक्रम अधिकारी युवराज साहू के साथ साथ ग्राम सरपंच लता बाई कतलम, उपसरपंच गुलाब वर्मा एवं सचिव यशवंत जंघेल का विशेष सहयोग मिला।






21/ Sep/2023

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संस्था के प्राचार्य डॉ.के. एल. टांडेकर के मार्गदर्शन में, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. करुणा रावटे एवं प्रो. संजय सप्तर्षि के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर निगम राजनांदगाँव के तत्वाधान में स्वच्छता जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया । जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवियों ने अपना सम्पूर्ण योगदान दिया ।

# निगम की स्वच्छता जागरूकता रैली

## महापौर ने हरी झंडी दिखाई : दो अक्टूबर तक अभियान

राजनांदगांव। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। स्वच्छता लीग 2.0 कार्यक्रम अंतर्गत महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख के आतिथ्य में नगर निगम में आयोजित कार्यक्रम में महापौर ने राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवियों, स्वच्छता दीदीयों, शालेय विद्यार्थियों तथा निगम पदाधिकारियों व अधिकारियों, कर्मचारियों को स्वच्छता अपनाने शपथ दिलाई एवं शपथ उपरांत आयोजित स्वच्छता जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।



रैली में स्वच्छता दीदीयों सहित,रासेयो स्वयंसेवी डा. प्यारेलाल स्कूल स्टेट हाई स्कूल एवं आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के विद्यार्थियों तथा स्काउट एवं एनसीसी के कैडेटों ने शहर के प्रमुख मार्गों में भ्रमण कर स्वच्छता अपनाने नारा लगाते हुये लोगों को स्वच्छता से जुड़ने अपील की। इस दौरान निगम परिसर के सामने रोड में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की गयी। कार्यक्रम में स्वच्छता की ब्राण्ड एम्बेसडर डॉ. नेहा गुप्ता ने कहा कि अपने घर के कचरों को साफ कर शून्य करना है। जीरो वेस्ट का मतलब कचरे का निष्पादन कर कचरे से मुक्त होना है। सिंगल यूज प्लास्टिक पर जागरूकता कार्यक्रम कर लोगों को जागरूक करने के लिए सभी को कहा गया। उपरोक्त कार्यक्रम में स्वच्छता दीदीयों, शालेय विद्यार्थियों तथा निगम पदाधिकारियों व अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ साथ राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक विनोद टेम्भुकर, निकिता अम्बादे सहित कुल एक स्वयंसेवियों ने अपनी सहभागिता दी।



शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2023–24 चयन के लिए स्वयंसेविकाओं द्वारा लगातार अभ्यास किया गया ।






21.09.23

भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल एवं उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. के शासन से प्राप्त निर्देशानुसार विश्वविद्यालय स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2023–24 चयन प्रक्रिया के लिए शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविकाएं भूमिका, यामिनी और शालीनी का विश्वविद्यालय स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2023–24 चयन प्रक्रिया के लिए चयन हुआ ।
स्थान – 21 सितम्बर को कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई ।

# पूर्व गणतन्त्र दिवस परेड विश्व विद्यालय स्तरीय हेतु राजनांदगांव से 3 और अ. चौकी की 1 स्वयंसेविका का हुआ चयन

राजधानी रिपोर्टर

**राजनांदगांव।** भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, युवा कार्यक्रम विभाग रासेयो क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल एवं उच्च शिक्षा विभाग, छ.ग. शासन से प्राप्त निर्देशानुसार हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग अंतर्गत पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2023-24 हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर रासेयो स्वयंसेविकाओं के चयन के लिए तिथि 21.09.2023 (गुरुवार) स्थान- कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई नगर में रखा गया है इस हेतु रासेयो स्वयंसेवकों का जिला स्तर पर चयन किया गया है। जिसमे राजनांदगांव जिले से शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के 3 स्वयंसेविकाएं कु.भूमिका भारती, कु. यामिनी साहू, कु. शालिनी देवांगन एवं जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी से शासकीय लाल चक्रधर शाह महाविद्यालय अ.चौकी की कु. छवि साहू का चयन हुआ है। सभी स्वयंसेविकाओं के उज्ज्वल भविष्य और आगे निरंतर बढ़ते रहने हेतु शा.दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर जी एवं रासेयो जिला संगठक डॉ. एस. के.पटेल जी एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रो.करुणा रावटे जी द्वारा शुभकामनाएं दिया गया।



# विश्वविद्यालय के अंतर्गत गणतंत्र परेड शिविर आज भिलाई में

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, युवा कार्यक्रम विभाग रासेयो क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल एवं उच्च शिक्षा विभाग, छ.ग. शासन से प्राप्त निर्देशानुसार हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग अंतर्गत पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2023-24 हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर रासेयो स्वयंसेविकाओं के चयन के लिए तिथि 21 सितंबर (गुरुवार) स्थान- कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई नगर में रखा गया है। इस हेतु रासेयो स्वयंसेवकों का जिला स्तर पर चयन किया गया है। जिसमें राजनांदगांव जिले से शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के 3 स्वयंसेविकाएं कु.भूमिका भारती, कु. यामिनी साहू, कु. शालिनी देवांगन एवं जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी से शासकीय लाल चक्रधर शाह महाविद्यालय अ.चौकी की कु. छवि साहू का चयन हुआ है। सभी स्वयंसेविकाओं के उज्ज्वल भविष्य और आगे निरंतर बढ़ते रहने हेतु शा.दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर जी एवं रासेयो जिला संगठक डॉ. एस. के.पटेल जी एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रो.करुणा रावटे जी द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया।



शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया । नुक्कड नाटक के माध्यम से मतदान करने के महत्व को, मतदान करना क्यों आश्वयक है बताया गया ।














24/09/23

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 54 वें रासेयो स्थापना दिवस का आयोजन किया । 54 वें रासेयो स्थापना दिवस के अवसर पर स्वयंसेवियों द्वारा 1 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया । बौद्धिक परिचिर्चा सत्र में रासेयो जिला संगठक जिला राजनांदगाँव डॉ. सुरेश कुमार पटेल सर जी उपस्थित रहें । उन्होनें वायु को उल्टा करके देखनें को कहा युवा का परिभाषा समझ आ जाएगा । और विभिन्न उदाहरणों से लक्ष्य और मंजिल हासिल करने कसा रास्ता बताएं।


राजनांदगांव, सोमवार 25 सितम्बर 2023 छत्तीसगढ़

राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन








शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर एवं त्रिवेणी परिसर की साफ सफाई कर स्वच्छता जागरुकता का संदेश दिया गया ।





स्वयंसेविकाए विश्वविद्यालय स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर राजनांदगाँव जिले का किए प्रतिनिधित्व। भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल एवं उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. के शासन से प्राप्त निर्देशानुसार विश्वविद्यालय स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2023–24 चयन प्रक्रिया के लिए शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविकाएं भूमिका, यामिनी और शालीनी का विश्वविद्यालय स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2023–24 चयन प्रक्रिया के लिए चयन हुआ ।







शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा SVEEP निर्वाचन आयोग जिला राजनांदगाँव के अंतर्गत वोटर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें SVEEP ब्रांड एम्बेस्टर जिला राजनांदगांव Mr. Mankuraishi (CG ACTOR) उपस्थित हुए उन्होनें महाविद्यालय के विद्यार्थीयों से मुलाकाज कर उन्हे मतदान करने के लिए जागरुक किए । और सभी को सपथ दिलवाया गया ।



शनिवार 23 सितंबर 2023

सार-समाचार

## दिग्विजय महाविद्यालय में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव 23 सितम्बर (हाईव चैनल)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिंह के निर्देशन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप अमित कुमार के मार्गदर्शन में लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला स्वीप यूथ आईकॉन एवं छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता मन कुरैशी शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए। मन कुरैशी ने युवाओं से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का सफल संचालन कर प्रत्येक युवा को मतदान आईकॉन बनने की अपील की। उन्होंने युवाओं से मतदान करने और परिवार के सदस्यों एवं मित्रों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने कहा। जिला परियोजना अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी स्वीप श्रीमती रश्मि सिंह ने बताया कि भारत में 18 वर्ष की उम्र होने पर युवाओं को मतदान का अधिकार प्राप्त होता है। युवाओं को मतदाता के रूप में पंजीयन हेतु निर्धारित फार्म जमा करने एवं मतदाता सूची में नाम दर्ज होने के बाद मतदान का अधिकार प्राप्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि मताधिकार का प्रयोग करना सभी का कर्तव्य है। उन्होंने सभी युवाओं से मतदान करने और सभी को मतदान के लिए प्रेरित करने कहा। इस अवसर पर स्वीप नोडल अधिकारी संजय सप्तर्षि सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।





01/10/2023

भारत सरकार के आदेशानुसार 01 अक्टूबर सुबह 10 बजे, एक साथ, कम से कम 1 घंटे स्वच्छ भारत के लिए श्रमदान ।

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नगर निगम राजनांदगाँव के सहयोग से राजनांदगाँव के विभिन्न वार्डो में स्वच्छता कार्य किया गया ।










## 1 घंटे स्वच्छ भारत के लिए श्रमदान



राजधानी रिपोर्टर

**राजनांदगांव।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत भारत सरकार के निर्देशानुसार 1 घंटे स्वच्छ भारत के लिए श्रमदान राजनांदगांव जिले की प्रथम नागरिक महापौर श्रीमति हेमा देशमुख तथा शासकीय दिग्विज महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्या डॉ. के. एल. टांडेकर के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में , राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि तथा प्रो. करूणा रावटे एवं एन सी सी अधिकारी प्रो. एच. बी. ठाकुर के नेतृत्व में रासेयो स्वयंसेवियों व एनसीसी कैडेटों के द्वारा महाविद्यालय परिसर, महाविद्यालय के पार्किंग स्थल तथा आस पास के क्षेत्रों में स्वच्छता कार्य किया गया। जिसमें एनएसएस के लगभग 80 स्वयंसेवी , एनसीसी के लगभग 30 कैडेड के साथ साथ नगर निगम के सफाई कर्मचारी सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण उपस्थित हुए। साफसफाई एक अच्छी आदत है, स्वच्छ पर्यावरण और आदर्श जीवन शैली के लिये हर एक को यह आदत बनानी चाहिये। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मानसिकता का विकास होता है। और स्वच्छता हम सब की जिम्मेदारी है। हमें खुद को, घर, अपने आसपास, समाज, समुदाय, शहर, उद्यान और पर्यावरण आदि को रोज स्वच्छ रखने की जरुरत है।



भारत सरकार के आदेशानुसार कम से कम 1 घंटे स्वच्छ भारत के लिए श्रमदान ।
शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राजनांदगाँव के रेल्वे स्टेशन में स्वच्छता कार्य किया गया ।







## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दिग्विजय महाविद्यालय ने रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन किया श्रमदान



राजधानी रिपोर्टर

**राजनांदगांव।** भारत सरकार के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.संजय सप्तर्षि एवं प्रो. करुणा रावटे के नेतृत्व में रासेयो स्वयंसेवियों द्वारा रेलवे स्टेशन राजनांदगांव, बस स्टेशन एवं अन्य सार्वजानिक स्थानों में श्रमदान कर अन्य लोगो को स्वच्छता जागरूकता का सन्देश दिया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में सिनियर स्वयंसेवक मनीष विनोद के साथ साथ 25 स्वयंसेवी उपस्थित रहें ।



06 अक्टू 2023

नशा निषेध सप्ताह के अंतर्गत शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ.के. एल. टांडेकर के मार्गदर्शन में, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. करुणा रावटे के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद ग्राम, ग्राम रेंगाकठेरा जिला राजनांदगाँव में नशा मुंक्ति जनजागरुकता रैली का आयोजन किया गया साथ ही साथ नशा मुंक्ति जनजागरुकता नुक्कड नाटक, दीवार लेखन कार्यक्रम, और सपथ ग्रहण का भी आयोजन किया ।










शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं स्वीप टीम द्वारा महाविद्यालय परिसर से मानव मंदिर चौक तक मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन किया गया । मानव मंदिर चौक पहुँचकर स्वयंसेवियों द्वारा मतदाता जागरुकता नुक्कड नाटक भी किया गया ।





न्यूज डायरी

**दिग्विजय महाविद्यालय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम**

**राजनांदगांव.** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा संस्था के प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर के मार्गदर्शन में कार्यक्रम अधिकारी प्रो.संजय सप्तर्षि एवं प्रो.करुणा रावते के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें रैली निकाली गई तथा शहर के मानव मंदिर चौक में नुक्कड़ नाटक के द्वारा लोगो को मतदान के प्रति जागरूक किया गया. जिसमें मतदाता के कुछ महत्व पूर्ण मुद्दो को बताया गया. मतदान हमारे लिए हमारे देश की नींव, अच्छी सरकार के लिए कैसे व्यक्ति को आगे लाना चाहिए इस बात को समझाया गया. क्योंकि जब सरकार अच्छी आएगी तभी प्रशासन अच्छे से कार्य करेगी. किसी भी लोभ में न आकर स्वयं को जिम्मेदारी से और स्वयं की समझदारी से वोट दे इसके बारे में बताया गया. जात, धर्म, लिंग भेद को छोड़कर शिक्षित सरकार के प्रति चुनाव करे इन सारे महत्व पूर्ण बिंदुओं के बारे में मार्ग दर्शन दिया गया और अंत में सभी को मतदाता शपथ दिलाया गया. कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयंसेवक विनोद, यश लोकेश्वर तुमेश्वर के साथ साथ 50 स्वयंसेवी उपस्थित रहे.



जागरूक कर रहे

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के लिए किया प्रेरित

**राजनांदगांव @ पत्रिका.** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा संस्था के प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर के मार्गदर्शन में, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि एवं प्रो. करुणा रावते के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे रैली निकाली गई, तथा शहर के मानव मंदिर चौक में नुक्कड़ नाटक के द्वारा लोगो को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें मतदाता के कुछ महत्व पूर्ण मुद्दो को बताया गया। मतदान हमारे लिए हमारे देश की नींव, अच्छी सरकार के लिए कैसे व्यक्ति को आगे लाना चाहिए इस बात को समझाया गया। क्योंकि जब सरकार अच्छी आएगी तभी प्रशासन अच्छे से कार्य करेगी। किसी भी लोभ में न आकर स्वयं को जिम्मेदारी से और स्वयं की समझदारी से वोट दे इसके बारे में बताया गया। जात, धर्म, लिंग भेद को छोड़कर शिक्षित सरकार के प्रति चुनाव करे इन सारे महत्व पूर्ण बिंदुओं के बारे में मार्ग दर्शन दिया गया और अंत में सभी को मतदाता शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयंसेवक विनोद, यश लोकेश्वर तुमेश्वर के साथ साथ 50 स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

नशा निषेध सप्ताह के अंतर्गत शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ.के. एल. टांडेकर के मार्गदर्शन में, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. करुणा रावटे के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शहर जिला राजनांदगाँव में नशा मुक्ति जनजागरुकता रैली का आयोजन किया गया










12. अक्टूबर 2023

अंतराष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर रासेयो स्वयंसेवियों द्वारा ठाकुर प्यारे लाल शा. उच्च. मा. स्कूल राजनांदगाँव में संस्था के प्राचार्य डॉ.के. एल. टांडेकर के मार्गदर्शन में, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. करुणा रावटे के नेतृत्व में मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही भारत सरकार द्वारा जारी मानसिक स्वास्थ्य संबधित परमर्श के लिए टोल फ्री नम्बर 11416 के बारे में बताया गया ।








# अंतराष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर रासेयो स्वयंसेवियों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

राजधानी रिपोर्टर

राजनांदगांव। अंतर्राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव छत्तीसगढ़ के स्वयंसेवियों द्वारा संस्था के प्राचार्य डॉ.के.एल टांडेकर के संरक्षण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर करुणा रावटे प्रोफेसर संजय सप्तर्षी के नेतृत्व में ठाकुर प्यारे लाल शा.उ.मा विद्यालय राजनांदगांव मे छात्र-छात्राओं बताया कि एग्जाम के प्रेशर को कैसे हैंडल करना है।

साथ ही साथ भारत सरकार द्वारा जारी मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श के लिए टोल फ्री नंबर 14416 के बारे में बताया गया।

साथ ही साथ छात्र-छात्राओं को बताया गया कि हमें अपने दैनिक दिनचर्या में योग और मेडिटेशन को हिस्सा बनाना चाहिए । आत्महत्या रोकथाम , मानसिक स्वास्थ्य का पोषण आदि विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक विनोद कुमार टेम्बुकर और स्वयंसेविका निकिता देवांगन ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

14 अक्टूबर 2023

भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भोपाल, के आदेशानुसार " मेरी माटी मेरा देश " अभियान के अंतर्गत शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगाँव में संस्था के प्राचार्य डॉ.के. एल. टांडेकर के मार्गदर्शन में, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. करुणा रावटे के नेतृत्व में मिट्टी और चावल एकत्र कर अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद टेक्निकल विश्वविद्यालय भिलाई के कुलपति डॉ. एम. के. वर्मा जी उपस्थित रहें । स्वयेसेवियो द्वारा हस्तकला पैरा आर्ट राण कृष्ण का चित्र भेंट किया गया ।



।

## अमृत कलश यात्रा का हुआ आयोजन



राजधानी रिपोर्टर

राजनांदगांव। मेरा माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत आज शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव छत्तीसगढ़ में संस्था के प्राचार्य डॉ. के एल टांडेकर के संरक्षण और राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो संजय सप्तर्षि और प्रो करुणा रावटे एवं एन सी सी अधिकारी प्रोफेसर हिरेंद्र बहादुर ठाकुर के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों और एनसीसी कैडेट्स के द्वारा मेरीङ्माटीङ्मेराङ्देश अभियान के तहत मिट्टी,चावल एकत्रित कर कलशङ्यात्रा निकाली गई।

इस कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी भिलाई (छत्तीसगढ़) के कुलपति



डॉ. एम.के वर्मा जी को अमृत कलश और स्वयंसेवियों द्वारा बनाया गया पैरा आर्ट से श्री राधा कृष्ण का चित्र भेंट किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवियों एवं एनसीसी कैडेटस ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। मेरी माटी मेरा देश' आजादी के अमतृ महोत्सव का अंतिम कार्यक्रम है। वस्तुतः यह कार्यक्रम कोई आयोजन नहीं बल्कि लोगों की भावनाओं की अभिव्यक्ति है। कार्यक्रम को भावनात्मक आधार पर ही तैयार भी किया गया है। इसके दो प्रमुख अंग है- मातृभूमि को श्रद्धांजलि यानी मिट्टी को नमन और देश के बहादुर जवानों और आजादी के मतवालों के बलिदान को याद करना अर्थात वीरों का वंदन। इस जन अभियान को दो चरणों में क्रियान्वित किया जा रहा है।

पहला चरण स्थानीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन है ताकि अभियान से जन-जन जुड़ सकें और दूसरा चरण अमृत कलश यात्राओं का है जिसके जरिए प्रदेश की मिट्टी देश की राजधानी दिल्ली पहुंचेगी और इस मिट्टी को अमृत स्मारक व अमृत वाटिका में देश की आजादी के अमृत महोत्सव की चिरस्थायी स्मृति के रूप में संजोया जाएगा।

## अमृत कलश यात्रा का हुआ आयोजन



राजनांदगांव(दावा)। मेरा माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत आज शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में संस्था के प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर के संरक्षण

'मेरी माटी मेरा देश' आजादी के अमृत महोत्सव का अंतिम कार्यक्रम है। वस्तुतः यह कार्यक्रम कोई आयोजन नहीं बल्कि लोगों की भावनाओं की अभिव्यक्ति है।



शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगाँव में संस्था के प्राचार्य  डॉ.के. एल. टांडेकर के मार्गदर्शन में, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. करुणा रावटे के नेतृत्व में स्वयंसेवियों द्वारा नवरात्र के पावन पर्व अवसर पर डोंगरगढ स्थित माँ बम्लेश्वरी मंदिर जाने वाले पदयात्रियों तथा अन्य राहगीरो को शहर के विभिन्न जगहों में पानी, मेडिकल और खाने के लिए बिस्किट, फल की सुविधा उपलब्ध कराया गया ।













31 अक्टूबर 2023

राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन ।

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगाँव में संस्था के प्राचार्य डॉ.के. एल. टांडेकर के मार्गदर्शन में, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. करुणा रावटे के नेतृत्व में स्वयेंसेवियों द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। सपथ ग्रहण कराया गया ।





## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि एवम् प्रो.करुणा रावटे के नेतृत्व में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती पर स्वयंसेवियों छात्र-छात्राओं प्राध्यापक अधिकारी कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता और अखण्डता को बनाए रखने के लिए शपथ ली । राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने रन फॉर यूनिटी के तहत राष्ट्रीय एकता के लिए मैराथन दौड़ लगाई। सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन पूरे देश को एकीकरण और एक जूता करने में समर्पित रहा। इस मुहीम में काफी संघर्ष और चुनौती को स्वीकार करते देश को एकता में पिरोने का काम किया। उपरोक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना वरिष्ठ स्वयंसेवक विनोद स्वयंसेविक पूजा के साथ-साथ 200 स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय युवा योजना नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय युवा योजना बिहार द्वारा राष्ट्रीय शांति एवं सद्भावना शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियो ने 24 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक आयोजित शिविर में भाग लिया।









# राष्ट्रीय युवा योजना शिविर में शामिल हुए छत्तीसगढ़ के रासेयो स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाएं एवं अन्य युवा साथी

**राजधानी रिपोर्टर**

दिल्ली एवं राष्टीय युवा य जना बिहार के तत्वाधान मं डा. एस. एन. सुब्बाराव( भाइ जी) की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर राष्टीय शांति एवं सद्भावना शिविर कमला नहरू शिशु विहार, उच्च विद्यालय, पटना (बिहार) मं राष्टीय सवा य जना इकाइ शा. दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव (छ.ग.) के स्वयंसवी के साथ साथ अन्य जिल के युवाएं सम्मिलित हुए। शिविर 24 अक्टूबर स 28 अक्टूबर तक लगा। शिविर मं भारतवष के विभि। पान्त न जवान युवक युवतिय न भाग लिया। इस महत्वकांशी शिविर मं राष्टीय युवा



य जना/राष्टीय एकता परिषद के राष्टीय अध्य। डा. रन सिंह परमार, पम फाउंडशन के संस्थापक पम कुमार, बिहार पदश के पदश संय जक सुनील सवक सिंह एवं मधुसुधन भाइ न जवान के साथ म जूद रह। शिविर मं लगभग 18 राज्य शामिल हुए थ। जिसम छत्तीसगढ़ के राष्टीय युवा य जना लीडर चूड़ामनी यादव एवं भूपंद साहू एवं छत्तीसगढ़ के क रबा जिला स निमला कुजूर, लिलिगस कुजूर, बृजलाल पंड, सरगुजा जिला स फुलसुन्दरी व सीताराम स नवानी जी एकता परिषद छत्तीसगढ़ पय ग आश्रम तिल्दा नवरा अध्य। के साथ साथ शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के राष्टीय सवा य जना स्वयंसवक मनीष, अभिषक, विनय, ललित, विन द एवं स्वयंसविका मुस्कान, चंदपूणिमा, स निया, दिव्या, चंचल, भूमिका, सिमरन उपस्थित रह। इन स्वयंसविय द्वारा छत्तीसगढ़ी संस्कृति क नृत्य के माध्यम स भी पस्तुत किया गया। जिसस शिविर की र नकता अ र बढ़ गया। शिविर मं सुबह स लकर रात्रि तक कायक्रम आय जन किया जाता था जिसम एक भाषा आदान पदान सत्र के माध्यम स शिविर मं आय शिवराथिय द्वारा अपन अपन पान्त के भाषा अन्य राज्य की युवाअ के साथ साझा

07 नवम्बर 2023

छत्तीसगढ विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण मतदान 07 नवम्बर 2023 को शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगाँव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों अपने विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय मतदान केन्द्र मे मतदाता मित्र बनकर सेवा कार्य किया गया ।

## सेवा का कार्य : मित्र बनकर स्वयंसेवकों ने बुजुर्गों को पोलिंग बूथ तक पहुंचाया





राजनांदगांव @ पत्रिका. छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के प्रथम चरण मतदान में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 व 2 दिग्विजय महाविद्यालय के स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय में बने पोलिंग बूथ और इसके अलावा अपने अपने क्षेत्रीय पोलिंग बूथ में सभी मतदाताओं एवं वृद्धजनों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने में सहायता की गई। उपरोक्त कार्यक्रम में स्वयंसेवक अभिषेक, कोमल साहू, सौरभ देवांगन, राहुल, सागर, स्वयंसेविकाएं दिव्या यादव, प्रगति साहू, खुशी देवांगन, मानसी वर्मा, काजल झा, वंदना साहू, पायल बैस, पल्लवी साहू, शोभना निषाद, योगिता, निकिता, मीना, सोमीता, कामिनी, लीना, चंचल, टिकेश्वरी, वरिष्ठ स्वयंसेवक विनोद टेंबुकर ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और मतदान केंद्र दिग्विजय महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर जी उपस्थित हुए और कार्यों की सराहना की।

## मतदाता मित्र के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने की मतदान हेतु मदद

राजधानी रिपोर्टर

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के प्रथम चरण मतदान में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 व 2 शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के



स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय में बने पोलिंग बूथ और इसके अलावा अपने अपने क्षेत्रीय पोलिंग बूथ में सभी मतदाताओं एवं वृद्धजनों को मतदान केंद्र तक पहुँचाने में सहायता दी गयी। उपरोक्त कार्यक्रम में स्वयंसेवक अभिषेक देवांगन, कोमल साहू , सौरभ देवांगन, राहुल, सागर, स्वयंसेविकाएं दिव्या यादव, प्रगति साहू, खुशी देवांगन, मानसी वर्मा, काजल झा, वंदना साहू , पायल बैस, पल्लवी साहू , शोभना निषाद , योगिता, निकिता, मीना, सोमीता, कामिनी, लीना, चंचल, टिकेश्वरी, वरिष्ठ स्वयंसेवक विनोद टेम्बुकर, ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।और मतदान केंद्र दिग्विजय महाविद्यालय में हमारे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ .के .एल . टांडेकर जी उपस्थित हुए और हमारे कार्यों की सराहना की गयी।

13 नवम्बर 2023

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगाँव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा दीपावली और ठण्ड के मौसम को ध्यान में रखते हुए जरुरतमंदो को गर्म कपडे और मिठाईयां दान किया गया ।



## स्वयंसेवियों ने दीपावली के शुभ अवसर पर जरूरतमंदों को किये वस्त्र दान



राजनांदगांव(दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि एवं प्रो. करुणा रावटे के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा फुटपाथ, ओवर ब्रिज के नीचे बैठे गरीब निर्धन एवं रेलवे स्टेशन, मंदिरो में निर्धन लोगों को दीपावली के शुभ अवसर पर कुछ कपड़े मिठाईयां और ठण्ड को ध्यान में रखते हुए गर्म कपड़े दान किया गया। स्वयंसेवियों का कहना है कि दीपावली और ठण्ड का मौसम सिर्फ हमारे लिए नहीं बल्कि गरीबों के लिए भी और निर्धन असहाय लोगों के लिए भी है इसलिए मिठाइयां और गर्म कपड़े दान किए गए। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक दीपक कोसमा, विनोद कुमार टेम्बुकर, मनीष टांडेकर, स्वयंसेवक अभिषेक देवांगन, राहुल तिवारी, शिवम यादव, टेमेंद्र गंजीर एवं स्वयंसेविका शालिनी देवांगन, टिकेश्वरी देवांगन, स्नेहा साहू, गीतांजली साहू, प्रगति साहू, दिव्या यादव, दिव्या निषाद, रेशमा साहू, शोभना निषाद, वर्षा बंजारे एवं समस्त स्वयंसेवी का भी सम्पूर्ण योगदान रहा।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने दीपावली के शुभअवसर और ठण्ड को ध्यान रखते हुए जरूरतमंदों को किये वस्त्र दान

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ के. एल. टांडेकर जी के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि एवम् प्रो. करुणा रावटे के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा फुटपाथ , ओवर ब्रिज के नीचे बैठे गरीब निर्धन एवं रेलवे स्टेशन, मंदिरो में निर्धन लोगों को दीपावली के शुभ अवसर पर कुछ कपड़े मिठाईयां और ठण्ड को ध्यान में रकजते हुए गर्म कपड़े दान किया गया। स्वयंसेवियों का कहना है कि दीपावली और ठण्ड का मौसम सिर्फ हमारे लिए नहीं बल्कि गरीबों के लिए भी और निर्धन असहाय लोगों के लिए भी है इसलिए कपड़े मिठाइयां और गर्म कपडे दान किए गए ।

इस कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक दीपक कोसमा, विनोद कुमार टेम्बुकर , मनीष टांडेकर, स्वयंसेवक अभिषेक देवांगन, राहुल तिवारी, शिवम यादव, टेमेंद्र गंजीर एवं स्वयंसेविका शालिनी देवांगन, टिकेश्वरी देवांगन, स्नेहा साहू, गीतांजली साहू, प्रगति साहू, दिव्या यादव, दिव्या निषाद, रेशमा साहू, शोभना निषाद, वर्षा बंजारे एवं समस्त स्वयंसेवी का भी सम्पूर्ण योगदान रहा।



20 नवम्बर 2023

भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल के निर्देशन में पर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 20 नवम्बर से 29 नवम्बर तक देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार में आयोजित किया गया । जिसमें शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगाँव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेविका भूमिका भारती ने किया दुर्ग विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व ।



19 नवम्बर से 25 नवम्बर 2023

कौमी एकता सप्ताह ।

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगाँव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा संस्था के प्राचार्य डॉ.के. एल. टांडेकर के मार्गदर्शन में, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. करुणा रावटे के नेतृत्व में कौमी एकता सप्ताह का आयोजन किया जिसमें सार्वजनिक सद्भावना और एकता को बढावा देने के साम्प्रादायिक सद्भावना रैली निकाली गया । साथ ही साथ टिकट वितरण कर डोनेशन इकट्ठा किया गया ।






## शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में कौमी एकता सप्ताह का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.एल.टांडेकर के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर संजय सप्तर्षी एवं प्रोफेसर करुणा रावटे एवं राष्ट्रीय कैडेड कोर अधिकारी प्रो.एच बी ठाकुर व रेडक्रास विभाग के नेतृत्व में रा.से.यो स्वयंसेवियों एन.सी.सी. के कैडेटों द्वारा कौमी एकता सप्ताह (19 नवंबर से 25 नवंबर) के अंतर्गत सार्वजनिक सद्भावना और राष्ट्रीय एकता की ताकत को मजबूत करने के लिए और बढ़ावा देने के लिये सांप्रदायिक सद्भावना रैली का आयोजन किया गया और साथ ही साथ सांप्रदायिक, जातीय, आतंकवादी हिंसा के शिकार बच्चों के शिक्षा के लिए सद्भावना टिकट वितरण कर डोनेशन इकट्ठा किया गया। एकत्र किए गए डोनेशन को गृह मंत्रालय के अंतर्गत ऑटोनॉमस संस्था राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भाव संस्थान के पास भेजा जाएगा जो कि सांप्रदायिक, जातीय, आतंकवादी हिंसा के शिकार बच्चों की शिक्षा के लिए के लिए काम करता है। उपरोक्त कार्यक्रम में रासेयो के सभी स्वयंसेवियों एवं एन.सी.सी. के सभी कैडेटों ने अपना सम्पूर्ण योगदान दिया।

27 नवम्बर 2023

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगाँव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेविका टिकेश्वरी देंवागन का राष्ट्रीय साहसिक शिविर पोंगडेम (हिमाचल प्रदेश), वाटर एडवेंचर कैंप में हुआ चयन । मिसमें स्वयंसेविका ने राजनांदगाँव जिले के साथ साथ दुर्ग विश्वविद्यालय का किया प्रतिनिधित्व ।







# राष्ट्रीय साहसिक शिविर पोंगडेम (हिमाचल प्रदेश) के लिए रासेयो स्वयंसेविका टिकेश्वरी देवांगन का हुआ चयन



**राजनांदगांव (नांदगाव टाइम्स)।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल (म.प. - छ.ग.) राष्ट्रीय साहसिक शिविर 2023 पोंगडेम (हिमाचल प्रदेश) के लिए शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव रासेयो स्वयंसेविका टिकेश्वरी देवांगन का चयन हुआ है। यह शिविर 27/11/2023 से 06/12/2023 तक लगेगी। स्वयंसेविका का चयन उनके वर्षभर के उत्कृष्ट कार्यों को देखकर किया गया है। साहसिक शिविर चयन पर संस्था के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर जी, रजिस्ट्रार श्री दीपक परघनिया जी, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो.संजय सर , प्रो. करुणा रावटे एवं वरिष्ठ स्वयंसेवक विनोद के साथ साथ समस्त स्वयंसेवियों द्वारा टिकेश्वरी को शुभकामनाएं दिया गया।

1 दिसम्बर 2023

विश्व एड्स जन जागरुकता सप्ताह ।

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगाँव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेविका दिव्या यादव द्वारा विश्व एड्स जन जागरुकता सप्ताह के अंतर्गत महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला राजनांदगाँव में एड्स जन जागरुकता सम्बंधित विस्तृत जानकारियों से बच्चों को जागरुक किए ।



03 दिसम्बर 2023

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगाँव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा विश्व एड्स जन जागरुकता सप्ताह के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । रक्तदान शिविर में लगभग 55 यूनिट रक्तदानइ किया गया ।



शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगाँव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा संस्था के प्राचार्य डॉ.के. एल. टांडेकर के मार्गदर्शन में, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. करुणा रावटे के नेतृत्व में विश्व एड्स जन जागरुकता सप्ताह के अंतर्गत व्याख्यान और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।









# रासेयो दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव द्वारा एड्स पखवाड़ा पर जागरूकता रैली व विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया आयोजन







**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संस्था के प्राचार्य डॉ. के. एल.टान्डेकर जी के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि एवं प्रो. करुणा रावटे के नेतृत्व में एड्स पखवाड़ा के अंतर्गत रंगोली व पेंटिंग प्रतियोगित का आयोजन किया गया। साथ ही साथ सी पी आर जागरूकता व्यख्यान व एड्स जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में रासेयो के समस्त स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

14 दिसम्बर 2023

भारत सरकार की योजना मिशन लाइफ पर एबीस प्रयास से परिणाम यूनिसेफ के साथ 02 विकासखण्ड डोंगरगाँव और अ. चौकी को ODF + modal declare करनें के लिए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । जिसमें शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगाँव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक और स्वयंसेविकायें भी हुए शामिल ।












02 जनवरी 2024

भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल के निर्देशन में राष्ट्रीय एकता शिविर 02 जनवरी से 08 जनवरी सोमनी, राजनांदगाँव( छ. ग. )में आयोजित किया गया । जिसमें शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगाँव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेविका डॉली साहू ने किया जिला राजनांदगाँव और दुर्ग विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व ।

## राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेविका डाली साहू का हुआ राष्ट्रीय एकता शिविर में चयन



राजनांदगांव(दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविका डॉली साहू का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर 2024 के लिए हुआ है। राष्ट्रीय एकता शिविर भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल द्वारा राष्ट्रीय एकता शिविर एनआईसी कैंप का आयोजन 2 जनवरी से 8 जनवरी तक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की संगठन व्यवस्था में स्वामी आत्मानंद शास्त्री अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय सोमानी जिला राजनांदगांव में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में देशभर के विभिन्न राज्यों के रासेयो इकाइयों की भी सहभागिता होगी।

सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर के दौरान विभिन्न प्रांतों के स्वयंसेवक स्वयंसेविकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के संस्कृति का आदान-प्रदान किया जायेगा। स्वयंसेविका का राष्ट्रीय एकता शिविर चयन हेतु संस्था के प्राचार्य डॉ. के एल टांडेकर, रासेयो जिला संगठक डॉ. एस.के.पटेल और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि, प्रो.करुणा रावटे एवं केमिस्ट्री विभाग से प्रो. शरद तिवारी द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

## डॉली साहू का हुआ राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए चयन



नवभारत रिपोर्टर. राजनांदगांव.

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविका डॉली साहू का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर 2024 के लिए हुआ है. राष्ट्रीय एकता शिविर भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल (म.प्र - छ.ग.) द्वारा राष्ट्रीय एकता शिविर हड्डष्ट कैंप का आयोजन 2 जनवरी से 8 जनवरी तक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की संगठन व्यवस्था में स्वामी आत्मानंद शास्त्री अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय सोमानी जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ में आयोजित किया जा रहा है. शिविर में देशभर के विभिन्न राज्यों के रा से यो इकाइयों की भी सहभागिता होगी . सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर के दौरान विभिन्न प्रांतो के स्वयंसेवक स्वयंसेविकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के संस्कृति का आदान-प्रदान किया जायेगा. स्वयंसेविका का राष्ट्रीय एकता शिविर चयन हेतु संस्था के प्राचार्य डॉ. के एल टांडेकर , रासेयो जिला संगठक डॉ. एस. के. पटेल और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि, प्रो.करुणा रावटे एवं केमिस्ट्री विभाग से प्रो. शरद तिवारी द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया.

भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल के निर्देशन में गणतंत्र दिवस परेड शिविर 01 जनवरी से 31 जनवरी तक खेलइ दात्रावास ज्वाहरलाल नेहरु स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित किया गया । जिसमें शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगाँव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेविका भूमिका भारती ने किया दुर्ग विश्वविद्यालय के साथ साथ पूरे छत्तीसगढ राज्य का प्रतिनिधित्व ।

## रासेयो स्वयंसेविका भूमिका भारती का गणतंत्र दिवस परेड 2024 के लिए हुआ चयन



राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित दिनांक 1 से 31 जनवरी 2024 तक राष्ट्रीय सेवा योजना गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2024 के लिए राजनांदगांव जिला दुर्ग विश्वविद्यालय से शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविका भूमिका भारती का चयन हुआ है।

आरडीसी परेड शिविर खेल छात्रावास, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, प्रगति विहार, भीष्म पितामह मार्ग, नई दिल्ली में आयोजित हो रही है। यह हमारे लिए अत्यंत गर्व की बात है की इस बार के गणतंत्र दिवस का थीम नारी शक्ति पर राजनांदगांव जिले से स्वयंसेविका का चयन हुआ है। भूमिका भारती पिता राजेश कुमार भारती माता श्रीमती हेमिन बाई भारती ग्राम तेंदू भाटा पोस्ट मोहारा डोंगरगढ़ राजनांदगांव की निवासी है। वर्तमान में शासकीय पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास बलदेव बाग राजनांदगांव में रहकर बीएससी अंतिम वर्ष दिग्विजय महाविद्यालय में अध्ययनरत है। स्वयंसेविका शुरू से ही अपनी तैयारी में थी सर्वप्रथम उनके साथ महाविद्यालय के दो अन्य स्वयंसेविकाओं का चयन प्री आरडीसी विश्वविद्यालय स्तरीय के लिए हुआ था जहां भूमिका का चयन राज्य स्तरीय प्री आरडीसी के लिए हुआ। राज्य स्तरीय भूतपूर्व गणतंत्र दिवस परेड उत्तराखण्ड में हुआ था। इसमें शारीरिक गतिविधि एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चयन सूची अपना नाम शामिल कर महाविद्यालय जिला विश्वविद्यालय माता-पिता और परिवार जनों का नाम रोशन किया। गणतंत्र दिवस शिविर में परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रम दोनों की तैयारी कराई जाएगी सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेविकाओं का चयन 26 जनवरी गणतंत्र गणतंत्र दिवस पर राजपथ पर चलने के लिए किया जाएगा और अन्य स्वयंसेविकाएं सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपना योगदान देंगे। आरडीसी शिविर चयन हेतु संस्था के प्राचार्य डॉ.के.एल. टांडेकर, राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठन डॉ.एस.के. पटेल, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर करुणा रावटे एवं प्रोफेसर संजय सप्तर्षि एनसीसी कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर एच.बी. ठाकुर, सीनियर अफसर कमांडर मोरध्वज ठाकुर के साथ-साथ पूरे महाविद्यालय परिवार और हॉस्टल अधीक्षक श्रीमती कमला बागडे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना परिवार द्वारा ढेर सारी बधाइयां एवं शुभकामनाएं दिया गया।

## शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेविका भूमिका भारती का गणतंत्र दिवस परेड 2024 के लिए हुआ चयन

राजधानी रिपोर्टर



**राजनांदगांव** । भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित दिनांक 1 से 31 जनवरी 2024 तक राष्ट्रीय सेवा योजना गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2024 के लिए राजनांदगांव जिला दुर्ग विश्वविद्यालय से शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविका भूमिका भारती का चयन हुआ है। आरडीसी परेड शिविर खेल छात्रावास, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, प्रगति विहार, भीष्म पितामह मार्ग, नई दिल्ली में आयोजित हो रही है। यह हमारे लिए अत्यंत गर्व की बात है की इस बार के गणतंत्र दिवस का थीम नारी शक्ति पर राजनांदगांव जिले से स्वयंसेविका का चयन हुआ है । भूमिका भारती पिता श्रीमान राजेश कुमार भारती माता श्रीमती हेमिन बाई भारती ग्राम तेंदू भाटा पोस्ट मोहरा डोंगरगढ़ राजनांदगांव की निवासी है । वर्तमान में शासकीय पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास बलदेव बाग राजनांदगांव में रहकर बीएससी अंतिम वर्ष दिग्विजय महाविद्यालय में अध्ययनरत है । स्वयंसेविका शुरू से ही अपनी तैयारी में थी सर्वप्रथम उनके साथ महाविद्यालय के दो अन्य स्वयंसेविकाओं का चयन प्री आर डी सी विश्वविद्यालय स्तरीय के लिए हुआ था जहां भूमिका का चयन राज्य स्तरीय प्री आरडीसी के लिए हुआ। राज्य स्तरीय भूतपूर्व गणतंत्र दिवस परेड उत्तराखण्ड में हुआ था। इसमें शारीरिक गतिविधि एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चयन सूची अपना नाम शामिल कर महाविद्यालय जिला विश्वविद्यालय माता-पिता और परिवार जनों का नाम रोशन किया । गणतंत्र दिवस शिविर में परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रम दोनों की तैयारी कराई जाएगी सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेविकाओं का चयन 26 जनवरी गणतंत्र गणतंत्र दिवस पर राजपथ पर चलने के लिए किया जाएगा। और अन्य स्वयंसेविकाएं सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपना योगदान देंगे । आरडीसी शिविर चयन हेतु संस्था के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठन डॉ.एस. के. पटेल रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर करुणा रावटे एवं प्रोफेसर संजय सप्तर्षि एनसीसी कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर एच. बी. ठाकुर , सीनियर अफसर कमांडर मोरध्वज ठाकुर के साथ-साथ पूरे महाविद्यालय परिवार और हॉस्टल अधीक्षक श्रीमती कमला बागडे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना परिवार द्वारा ढेर सारी बधाइयां एवं शुभकामनाएं दिया गया।

26 जनवरी 2024

गणतंत्र दिवस

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगाँव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेविका भूमिका भारती गणतंत्र दिवस पर गणतंत्र दिवस परेड में राजपथ में अपना स्थान बनाया ।
स्वयंसेविका भूमिका भारती प्रथम पांचवी पंक्ति के तिसरे नम्बर मे अपना स्थान बनायी और जिला राजनांदगाँव और दुर्ग विश्वविद्यालय के साथ साथ पूरे छत्तीसगढ राज्य का प्रतिनिधित्व की।









27 जनवरी 2024 से 02 फरवरी 2024

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगाँव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा संस्था के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर के मार्गदर्शन में, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. करुणा रावटे के नेतृत्व में सात दिवसीय विशेष शिविर गोदग्राम ग्राम रेंगाकठेरा( बखत ) में आयोजित किया गया ।

- उद्घाटन सत्र में डोंगरगढ क्षेत्र विधायक महोदया हर्षिता स्वामी बघेल जी उपस्थित हुए ।
- राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा ग्राम विकास पर कार्य कि गया, श्रमदान कर ग्राम में जागरुकता लाने का प्रयास किया ।
- स्वयं खना बनाकर नवाचार सिखा गया ।
- बौद्धिक परिचर्चा के दौरान अलग अलग दिन जन जागरुकता विषयों पर विषय विशेषज्ञ आये और स्वयंसेवियो और ग्रामिण जनो को जागरुक किया गया ।
- बौद्धिक परिचर्चा के दौरान पूलिस अधिक्षक जिला राजनांदगाँव डॉ. मोहित गर्ग जी उपस्थित हुए । यंवा विकास और नशा निषेध  जागरुकता संदेश दिए साथ ही कम्पीटिशन परीक्षाओं के बारे में भी विस्तृत रुप से हमें समझाया गया ।
- बौद्धिक परिचर्चा के दौरान जिलाधीश जिला राजनांदगाँव संजय अग्रगवाल जी उपस्थित हुए । युवा विकास और नशा निषेध  जागरुकता संदेश दिए साथ ही कम्पीटिशन परीक्षाओं के बारे में भी विस्तृत रुप से हमें समझाया गया ।






- उद्घाटन सत्र में डोंगरगढ क्षेत्र विधायक महोदया हर्षिता स्वामी बघेल जी उपस्थित हुए ।



## राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम रेंगाकठेरा (बखत) में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल हुयी शामिल



**राजधानी रिपोर्टर**

**डोंगरगढ़।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर नशा मुक्त समाज के लिए विषय पर आयोजन ग्राम रेंगाकठेरा (बखत) दिनांक 27 जनवरी से 2 फरवरी 2024 तक किया जा रहा है। सात दिवसीय विशेष शिविर का आज उद्घाटन कार्यक्रम था जिसमे मुख्य अतिथि हर्षिता स्वामी बघेल, विधायक डोंगरगढ़ ग्राम सरपंच लता ठाकुर, गणेश साहू जनपद सदस्य, एवं अन्य उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि व कार्यक्रम के अध्यक्ष संस्था के प्राचार्य डॉ.के.एल. टांडेकर, राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक डॉ. सुरेश कुमार पटेल, विशेष अतिथि दिग्विजय महाविद्यालय के स. प्रा. डॉ. त्रिलोक देव साथ ही ग्राम उपसरपंच एवं गणमान्य नागरिक उपस्तिथ रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन शुभारम्भ युवा के प्रेरणा श्रोत स्वामी विवेकानंद एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित , पुष्प अर्पित कर किया गया।कार्यक्रम का प्रथम उद्बोधन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि द्वारा कार्यक्रम की सम्पूर्ण रूपरेखा प्रस्तुत किया गया। साथ ही साथ नशा मुक्त बनाने में कैसे युवाओं का योगदान रहेगा कैसे हम नशा मुक्त समाज का निर्माण करेंगे बताया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्तिथ रासेयो जिला संगठक डॉ. एस के. पटेल द्वारा अपने व्यख्यान में शुभकानाएं देते हुए आशीर्वचन स्वरूप सभी स्वयंसेवियो को किस प्रकार एक सात दिवसीय शिविर में कम संसाधनों में हमे कैसे अपने जीवन को चलाना है।

- स्वयं खना बनाकर नवाचार सिखा गया । केले के पत्ते में भोजन कर प्लास्टिक मुक्त कैंप व प्लास्टिक मुक्त ग्राम का दिया संदेश ।

---

# केला पत्ता में भोजन कर पर्यावरण सरंक्षण और प्लास्टिक मुक्त ग्राम का दिया सन्देश

**राजनांदगां ( नांदगाँव टाइम्स )।।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा ग्राम रेंगाकठेरा (बखत) में संस्था के प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर सरंक्षण एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि एवं प्रो. करुणा रावटे के निर्देशन में सात दिवसीय विशेष शिविर नशा मुक्त समाज के लिये युवा विषय पर आयोजित किया गया है। शिविर के चौथे दिन में परियोजना कार्य में तालाब के आसपास की साफ सफाई सोखता खड्डा निर्माण कार्य एवं स्वछता जागरुकता अभियान चलाया गया। साथ ही प्लास्टिक मुक्त भारत और पर्यावरण सरंक्षण का सन्देश देते हुए केले के पत्ते में भोजन किया गया। बौद्धिक परिचर्चा सत्र में कृषि विस्तार



अधिकारी प्रमोद नागर एवं श्री शेंगर उपस्थित हुए और जैविक कृषि जैविक खाद, उर्वरक खाद की सम्पूर्ण जानकारियों से ग्राम वासियों एवं स्वयंसेवियों को संबोधित किये। महाविद्यालय से प्रो. अनीता शंकर, प्रो. नीलू श्रीवास्तव, प्रो. अनीता शाहा भी उपस्थित हुए । शिविर में अनुशासन प्रभारी विनय, गोपीचन्द, शालिनी मंच सजा टिकेश्वरी, शिवम , मनीष के साथ साथ 55 स्वयंसेविका 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

- बौद्धिक परिचर्चा के दौरान पूलिस अधिक्षक जिला राजनांदगाँव डॉ. मोहित गर्ग जी उपस्थित हुए । यंवा विकास और नशा निषेध  जागरुकता संदेश दिए साथ ही कम्पीटिशन परीक्षाओं के बारे में भी विस्तृत रुप से हमें समझाया गया ।

## शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर में पहुंचे जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग सर



शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा ग्राम रेंगाकठेरा (बखत) में संस्था के प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर सरंक्षण एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि एवं प्रो. करुणा रावटे के निर्देशन में सात दिवसीय विशेष शिविर नशा मुक्त समाज के लिये युवा विषय पर आयोजित किया गया है। शिविर के पांचवे दिन दिनांक 31/01/ 24 के बौध्दिक परिचर्चा सत्र में राजनांदगांव जिला के एस.पी. मोहित गर्ग सर सम्मिलित हुए। उन्होंहे स्कूली छात्र/छात्राओं के साथ साथ ग्राम वासी और शिविर में उपस्थित समस्त स्वयंसेवियों को नशा के खिलाफजागरूक किया। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव गर्ग सर द्वारा ग्राम के युवाओं को कहा कि युवा देश की ऊर्जा होते है। युवाओं की शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। हम लोग भारत किताबों में पढ़ते आ रहे अब भारत उससे अलग है, आज हमारा भारत विकसित देश है विकाशशील से आगे निकल चुका है। भारत को नशा मुक्त बनाने के लिये युवाओं को आगे आना होगा। इनकी भागेदारी से ही एक सभ्य समाज की संरचना होगी। हर व्यक्ति यह संकल्प ले कि वह अपने पड़ोस में नशे को पैर नही जमाने देगा तथा हर युवा यह ठान ले कि वह युवाओं को नशे का आदी नही होने देगा तो, समाज को नशा मुक्त करने में सफ्लता अवश्य मिलेगी। तत्पश्चात रासेयो स्वयंसेवियों द्वारा सवाल सवाल  पूछा गया कि यूपीएससी कैसे करे पास ? एसपी मोहित गर्ग  सर ने बताए यूपीएससी तैयारी करने का टिप्स, एवं  बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## दिग्विजय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में पहुंचे एसपी मोहित गर्ग



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा ग्राम रेंगाकठेरा (बखत) में संस्था के प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर सरंक्षण एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि एवं प्रो. करुणा रावटे के निर्देशन में सात दिवसीय विशेष शिविर नशा मुक्त समाज के लिये युवा विषय पर आयोजित किया गया है।

शिविर के पांचवे दिन 31 जनवरी के बौद्धिक परिचर्चा सत्र में राजनांदगांव जिला के एस.पी. मोहित गर्ग सम्मिलित हुए। उन्होंने स्कूली छात्र/छात्राओं के साथ-साथ ग्राम वासी और शिविर में उपस्थित समस्त स्वयंसेवियों को नशा के खिलाफ जागरूक किया।

पुलिस अधीक्षक श्री गर्ग द्वारा ग्राम के युवाओं को कहा कि युवा देश की ऊर्जा होते है। युवाओं की शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। हम लोग भारत किताबों में पढ़ते आ रहे अब भारत उससे अलग है, आज हमारा भारत विकसित देश है विकासशील से आगे निकल चुका है। भारत को नशा मुक्त बनाने के लिये युवाओं को आगे आना होगा। इनकी भागेदारी से ही एक सभ्य समाज की संरचना होगी। हर व्यक्ति यह संकल्प ले कि वह अपने पड़ोस में नशे को पैर नही जमाने देगा तथा हर युवा यह ठान ले कि वह युवाओं को नशे का आदी नही होने देगा तो, समाज को नशा मुक्त करने में सफलता अवश्य मिलेगी। तत्पश्चात रासेयो स्वयंसेवियों द्वारा सवाल सवाल पूछा गया कि यूपीएससी कैसे करे पास ? एसपी मोहित गर्ग सर ने बताए यूपीएससी तैयारी करने का टिप्स, एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



- बौद्धिक परिचर्चा के दौरान जिलाधीश जिला राजनांदगाँव संजय अग्रगवाल जी उपस्थित हुए । युवा विकास और नशा निषेध  जागरुकता संदेश दिए साथ ही कम्पीटिशन परीक्षाओं के बारे में भी विस्तृत रुप से हमें समझाया गया ।

## शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर में पहुंचे जिलाधीश राजनांदगांव संजय अग्रवाल

23 hours ago dailybalodnewsauthor





**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा ग्राम रेंगाकठेरा (बखत) में संस्था के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर संरक्षण एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि एवं प्रो. करुणा रावटे के निर्देशन में सात दिवसीय विशेष शिविर नशा मुक्त समाज के लिये युवा विषय पर आयोजित किया गया है। शिविर के छठवें दिन के बौद्धिक परिचर्चा सत्र में राजनांदगांव जिला के जिलाधीश आदरणीय संजय अग्रवाल सर सम्मिलित हुए। उन्होंने स्कूली छात्र/छात्राओं के साथ साथ ग्राम वासी और शिविर में उपस्थित समस्त स्वयंसेवियों को नशा के खिलाफ जागरूक किया। जिलाधीश राजनांदगांव द्वारा ग्राम के युवाओं को कहा कि स्वच्छ पर्यावरण से स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। युवाओं की शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। भारत को नशा मुक्त बनाने के लिये युवाओं को आगे आना होगा। इनकी भागेदारी से ही एक सभ्य समाज की संरचना होगी।

हर व्यक्ति यह संकल्प ले कि वह अपने पड़ोस में नशे को पैर नही जमाने देगा तथा हर युवा यह ठान ले कि वह युवाओं को नशे का आदी नही होने देगा तो, समाज को नशा मुक्त करने में सफलता अवश्य मिलेगी। अन्त में बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। बौद्धिक परिचर्चा में भूतपूर्व कार्यक्रम अधिकारी प्रो.संजय देवांगन व प्रो. नूतन देवांगन सर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन स्वयंसेवक विनोद टेम्भुकर शिविर नायक लोकेश्वर, शिविर नायिका पूजा के साथ 55 स्वयंसेविका ,50 स्वयंसेवक तथा स्कूल के समस्त छात्र छात्राये उपस्थित रहे।

## दिग्विजय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर में पहुचे कलेक्टर



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा ग्राम रेंगाकठेरा(बखत) में संस्था के प्राचार्य डॉ.के.एल.टांडेकर संरक्षण एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि एवं प्रो. करुणा रावटे के निर्देशन में सात दिवसीय विशेष शिविर नशा मुक्त समाज के लिये युवा विषय पर आयोजित किया गया है।

शिविर के छठवे दिन के बौध्दिक परिचर्चा सत्र में राजनांदगांव जिला के जिलाधीश आदरणीय संजय अग्रवाल सर सम्मिलित हुए। उन्होंने स्कूली छात्र/छात्राओं के साथ साथ ग्राम वासी और शिविर में उपस्थित समस्त स्वयंसेवियों को नशा के खिलाफ जागरूक किया। जिलाधीश राजनांदगांव द्वारा ग्राम के युवाओं को कहा कि स्वच्छ पर्यावरण से स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। युवाओं की शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। भारत को नशा मुक्त बनाने के लिये युवाओं को आगे आना होगा। इनकी भागेदारी से ही एक सभ्य समाज की संरचना होगी।

हर व्यक्ति यह संकल्प ले कि वह अपने पड़ोस में नशे को पैर नही जमाने देगा तथा हर युवा यह ठान ले कि वह युवाओं को नशे का आदी नही होने देगा तो, समाज को नशा मुक्त करने में सफलता अवश्य मिलेगी। अन्त में बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। बौद्धिक परिचर्चा में भूतपूर्व कार्यक्रम अधिकारी प्रो.संजय देवांगन व प्रो. नूतन देवांगन सर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन स्वयंसेवक विनोद टेम्भुकर शिविर नायक लोकेश्वर, शिविर नायिका पूजा के साथ 55 स्वयंसेविका, 50 स्वयंसेवक तथा स्कूल के समस्त छात्र छात्राये उपस्थित रहे।

## रेंगाकठेरा में रासेयो शिविर का आयोजन



नवभारत रिपोर्टर। राजनांदगांव।

- राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा ग्राम विकास पर कार्य कि गया, श्रमदान कर ग्राम में जागरुकता लाने का प्रयास किया ।






शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगाँव में वार्षिक पदक वितरण एवं सम्मान समारेह का हुआ आयोजन। वर्ष 2022 – 23 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रासेयो स्वयंसेवक दीपक कुमार और स्वयंसेविका पूजा वर्मा को मिला रासेयो गोल्ड मेडल पूरुष्कार ।








शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगाँव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा संस्था के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर के, डॉ. एस. के पटेल जिला संगठक रासेयो जिला राजनांदगांव के मार्गदर्शन में, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. करुणा रावटे के नेतृत्व में बी प्रमाण पत्र परीक्षा लिया गया ।







## शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई में बी प्रमाण पत्र परीक्षा लिया



**राजनांदगांव** । शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संस्था के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर के संरक्षण, राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक डॉ. एस. के. पटेल के मार्गदर्शन एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. करुणा रावटे, व प्रो. संजय सप्तर्षि के नेतृत्व में पूर्व बी प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में राष्ट्रीय सेवा योजना के 129 स्वयंसेविका और 35 स्वयंसेवक उपस्थित थे। परीक्षा स्वयंसेवियों के व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से भी लिया गया। बी प्रमाण पत्र परीक्षा के पश्चात् संस्था के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर जी द्वारा बच्चों को सम्बोधित किया गया कहा गया कि रासेयो विद्यार्थी को एक अलग पहचान दिलाता है प्रमाण पत्र तो एक माध्यम है असली जीवन तो आपका समाजकार्य है। इसी कड़ी में रासेयो जिला संगठक डॉ. एस. के. पटेल जी द्वारा स्वयंसेवियों को सम्बोधित किया गया उन्होंने रासेयो की लक्ष्य गीत की एक पंक्ति स्वयं सजे वसुंधरा सवार दें के माध्यम से विद्यार्थियों को मोटिवेट किये स्वयं सजकर वसुंधरा अर्थात धरती को सजाने सवांरने की बात कही। प्रमाण पत्र परीक्षा के नियमों को पालन करते हुए अंत में 24 बच्चे मुख्य बी प्रमाण पत्र परीक्षा के हुए और परीक्षा दिलाएं।

